


# तरुण छत्तीसगढ़

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026
वर्ष 35 अंक 331 | कोरबा, शनिवार, दिनांक 31 अगस्त 2024 डाक 01 सितम्बर 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

**विविधा**

पहलवान विनेश फोगाट ने अमृतसर के स्वर्ण मंदिर में पूजा-अर्चना की



**देश-विदेश**

पीड़िता का पोस्टमार्टम करने में हुई छेड़छाड़! कई सवालों के जबाव तलाश रही सीबीआई



**कोरिया जिला**

महिला मोर्चा के तीज उत्सव में मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा-जिले के लिए होगा काम



## 34 करोड़ के फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट का भंडाफोड़ चार सितंबर को देवनार में बूचड़खाने बंद रहेंगे




**मुंबई, 31 अगस्त [एजेंसी]।**

ठाणे में फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) रैकेट में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों ने सरकारी खजाने को 40.66 करोड़ रुपये का नुकसान किया है। अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर और केंद्रीय उत्पाद शुल्क आयुक्तालय ने कार्रवाई करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

कथित मास्टरमाइंड भावेन कचियापटेल ने दिलीप भट्ट और हार्दिक शाह के साथ घोटाले में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आरोपियों ने लगभग 40.66 करोड़ रुपये की फर्जी आईटीसी हासिल करने के लिए 19 फर्जी फर्में बनाईं और 34.74 करोड़ रुपये की फर्जी आईटीसी जारी कीं। मजिस्ट्रेट ने तीनों आरोपियों को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। आगे की जांच चल रही है।

## चुनाव से पहले भाजपा में नहीं थम रही बगावत अब सांबा जिलाध्यक्ष कश्मीरा सिंह ने दिया इस्तीफा



**सांबा।** जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव की घोषणा होने के बाद प्रदेशभर में टिकट बंटवारे को लेकर भाजपा के कई नेता नाराज चल रहे हैं। सांबा के भाजपा जिला अध्यक्ष कश्मीरा सिंह को भी टिकट नहीं मिला। ऐसे में उन्होंने अपना त्यागपत्र पार्टी को सौंप दिया। उन्होंने सांबा में पत्रकार वार्ता कर इस संबंध में जानकारी दी। पत्रकार वार्ता में कश्मीरा सिंह ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष रविंदर रैना पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि वह शेख अब्दुल्ला की विचारधारा को भाजपा में लाना चाहते हैं, जो मेरे जैसे पुराने कार्यकर्ताओं को बर्दाश्त नहीं है।

## जुम्माब्रेक को लेकर एनडीए में फूट! जेडीयू ने उठाए असम सरकार के फैसले पर सवाल

**पटना 31 अगस्त।** असम सरकार के विधानसभा में जुम्मा ब्रेक के फैसले पर एनडीए में ही फूट पड़ती दिख रही है। दरअसल, जेडीयू के नेता नीरज कुमार ने शनिवार को असम सरकार द्वारा राज्य विधानसभा में जुम्मा की नमाज के लिए 2 घंटे के ब्रेक की प्रथा को समाप्त करने के फैसले का विरोध कर दिया है। नीरज कुमार ने फैसले की आलोचना करते हुए कहा कि किसी को भी धार्मिक आस्थाओं पर हमला करने का अधिकार नहीं है। नीरज ने एएनआई से कहा कि बेहतर होता अगर असम के सीएम लोगों को गरीबी से ऊपर उठाने पर अधिक ध्यान देते।

## झामुमो के विधायक रहे लोबिन हेम्ब्रम आज बीजेपी में होंगे शामिल, हेमंत के वोटबैंक में कर सकते हैं सेंधमारी

**रांची, 31 अगस्त [एजेंसी]।**



झारखंड के बोरियो के पूर्व झामुमो विधायक लोबिन हेम्ब्रम आज 12 बजे दिन में भाजपा में शामिल होंगे। भाजपा प्रदेश कार्यालय में इसके लिए मिलन समारोह कार्यक्रम भी रखा गया है। जिस समय हेम्ब्रम भाजपा की सदस्यता लेंगे उस समय झारखंड भाजपा के कई दिग्गज नेता मौजूद रहेंगे। प्रदेश भाजपा कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा और प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी उन्हें भाजपा की सदस्यता दिलाएंगे। भाजपा में शामिल होने के बाद उनके बोरियो विधानसभा से चुनाव लड़ने की संभावना है। लोबिन हेम्ब्रम ने 26 अगस्त को कहा था कि वो जल्द ही भाजपा में शामिल होंगे।बोरियो के पूर्व झामुमो विधायक लोबिन हेम्ब्रम ने पार्टी में रहते हुए विगत लोकसभा चुनाव में दल के प्रत्याशी के विरुद्ध चुनाव लड़े थे जिसके बाद पार्टी ने छह साल के लिए पार्टी से निलंबित कर दिया था और कुछ दिन बाद विधानसभा से उनकी विधायिकी भी समाप्त कर दी गई थी। भाजपा में शामिल होने के बाद उनके बोरियो विधानसभा से चुनाव लड़ने की संभावना है। लोबिन हेम्ब्रम ने 26 अगस्त को कहा था कि वो जल्द ही भाजपा में शामिल होंगे।

## होटल रूम में कपड़े उतारने को कहा, मलयालम फिल्म डायरेक्टर रंजीत पर फिर यौन उत्पीड़न का आरोप



**नई दिल्ली 31 अगस्त।** मलयालम फिल्म इंडस्ट्री में यौन उत्पीड़न के मामले को लेकर हर रोज नए खुलासे हो रहे हैं। इस इंडस्ट्री में काम कर चुकी कई एक्ट्रेस ने दावा किया कि उनके साथ यौन उत्पीड़न हुआ है। वहीं, इस मामले में एक्टर मुकेश और जयसूर्या के खिलाफ मामला दर्ज हो चुका है। वहीं, फिल्म निर्देशक रंजीत के खिलाफ दूसरा यौन उत्पीड़न का मामला दर्ज किया गया है। हालांकि, रंजीत पर एक एक्टर ने यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है। केरल पुलिस के हवाले से समाचार एजेंसी इस बात की जानकारी दी है। पुलिस ने जानकारी दी कि रंजीत ने पीड़ित को ऑडिशन के लिए बेंगलुरु के एक होटल में बुलाया था, लेकिन वहां उस एक्टर के साथ कथित तौर पर मारपीट की गई। रंजीत ने उसे अपने सारे कपड़े उतारने के लिए कहा और बाद में उसको मारा-पीटा। वहीं, घटना के अगले दिन रंजीत ने एक्टर को पैसे भी ऑफर किए थे।

## संसद में जाने लायक नहीं कंगना रनौत, भाजपा सांसद पर क्यों भड़के रॉबर्ट वाड्रा



**हैदराबाद, 31 अगस्त [एजेंसी]।**

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा के पति रॉबर्ट वाड्रा ने आज भाजपा सांसद कंगना रनौत पर जमकर निशाना साधा है। दरअरल, रॉबर्ट वाड्रा ने कंगना के किसानों के विरोध में की गई टिप्पणी की आलोचना की है। रॉबर्ट वाड्रा ने कहा कि कंगना रानौत एक महिला हैं और मैं उनका सम्मान करता हूं, लेकिन मुझे लगता है कि वह संसद में रहने के लायक नहीं हैं। वह पढ़ी-लिखी नहीं हैं। मुझे लगता है कि वह लोगों के बारे में नहीं सोचती हैं। वह केवल अपने बारे में सोचती हैं। रॉबर्ट वाड्रा ने आगे कहा कि कंगना को महिलाओं के बारे में सोचना चाहिए। उन्होंने कहा कि मेरी अपील है कि पूरा देश एक साथ आए और महिला सुरक्षा के मुद्दे पर आगे बढ़े। महिलाओं की सुरक्षा को सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा बताते हुए उन्होंने कहा कि सभी राजनीतिक दलों को इसे संबोधित करने के लिए एक साथ आना चाहिए। हिमाचल प्रदेश के मंडी से सांसद रनौत ने सोमवार को एक साक्षात्कार की क्लिप पोस्ट कर कहा था कि निरस्त कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों के विरोध प्रदर्शन के दौरान भारत में बांग्लादेश जैसी स्थिति पैदा हो सकती थी, लेकिन देश के मजबूत नेतृत्व के लिए ऐसा नहीं हुआ। इसके बाद उन्होंने आरोप लगाया कि किसानों के आंदोलन के दौरान लाशें लटक रही थीं और बलात्कार हो रहे थे। रनौत ने साजिश में चीन और संयुक्त राज्य अमेरिका की संलिप्तता का भी आरोप लगाया, जिसकी विपक्षी दलों ने आलोचना की।

## कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय से दो नाबालिग छात्राएं गायब, शिक्षा विभाग में हड़कंप

**तवसर 31 अगस्त।** अकबरपुर कद गांव में स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में पढ़ने वाली कक्षा नौ और 10वीं की दो नाबालिग छात्राएं संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई हैं। जिस पर शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया। लापता हुई छात्राएं लक्सर और ज्वालापुर की रहने वाली हैं। विद्यालय पहुंचे छात्राओं के स्वजन ने जमकर हंगामा किया और विद्यालय प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया। लक्सर विकासखंड क्षेत्र के अकबरपुर ऊद गांव स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में कुल 56 छात्राएं हैं।

## पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी की पुण्यतिथि अमित शाह समेत दिग्गजों ने दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** देश के पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी की पुण्यतिथि पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे सहित कई नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। गृहमंत्री अमित शाह ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, मैं पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी की पुण्यतिथि पर उन्हें तहे दिल से श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। एक राजनीतिक दिग्गज, विद्वान और एक बेहतरीन प्रशासक, मुखर्जी जी की जीवन यात्रा पश्चिम बंगाल के एक साधारण गांव से निकलकर देश के सर्वोच्च पद तक पहुंची और उन्होंने शासन को मजबूती प्रदान की।

**स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक**

**चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार**

डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)

-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )

डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894

सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।

मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)

विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...

पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

## एक सितंबर को लालू की पार्टी करेगी आंदोलन तेजस्वी बोले- भाजपा वाले आरक्षण खत्म करना चाहते हैं

**पटना, 31 अगस्त [एजेंसी]।**



पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव की पार्टी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) एक सिंतबर से आंदोलन करेगी। इस एलान नेता प्रतिपक्ष व पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने किया। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता का हक किसी को छीनने नहीं दे सकते हैं। इसलिए हमारी पार्टी 2023 में हुए जाति सर्वेक्षण के निष्कर्षों को संविधान की अनुसूची 9 के तहत शामिल करने की मांग को लेकर एक सितंबर को आंदोलन करेगी। इतना ही नहीं अगर नीतीश सरकार ने 65 प्रतिशत आरक्षण अपना पक्ष सही से नहीं रखा तो राजद सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाएगा और अपनी बात रखेगा। हम कोर्ट जाकर अपना पक्ष अच्छे से रखेंगे।

इसलिए हमने एक सितंबर को बिहार में आंदोलन की घोषणा की है। तेजस्वी ने कहा कि वह बिहार में होने वाले विरोध प्रदर्शन में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने ओबीसी, एससी और एसटी के लिए 65 प्रतिशत आरक्षण प्रदान किया था। हमने इसे अनुसूची नौ के तहत शामिल करने की मांग केंद्र सरकार से की थी। अब यह मामला कोर्ट में है। तेजस्वी ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि हम जानते थे कि भाजपा ने ऐसा नहीं चाहती है। भाजपा वाले आरक्षण खत्म करना चाहते हैं, इसलिए उन्होंने इसे अनुसूची 9 में शामिल नहीं किया।

## राज्यपाल डेका और मुख्यमंत्री साय का बिलासपुर पहुंचने पर हेलीपैड में हुआ आत्मीय स्वागत



**बिलासपुर, 31 अगस्त [एजेंसी]।**

राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का पंडित सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय हेलीपैड बिलासपुर पहुंचने पर आत्मीय स्वागत किया गया। राज्यपाल श्री डेका और मुख्यमंत्री साय अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के पंचम दीक्षांत समारोह में शामिल होने बिलासपुर पहुंचे है। हेलीपैड पर केंद्रीय शहरी विकास राज्य मंत्री तोखन साहू, उप मुख्यमंत्री अरूण साव, विधायक धरमलाल कौशिक, अमर अग्रवाल, सुशांत शुक्ला, अटल अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के कुलपति ए.डी. एन वाजपेयी,आईजी संजीव शुक्ला, कलेक्टर अवनीश शरण, एसपी रजनेश सिंह सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों और नागरिकों और अधिकारियों ने दोनों अतिथियों का आत्मीयता के साथ स्वागत किया।

## इंदौर में फर्जी एडवाइजरी फर्म पर छापा इंस्टाग्राम, फेसबुक, टेलीग्राम पर हो रही ठगी



**इंदौर, 31 अगस्त [एजेंसी]।**

इंदौर की विजयनगर पुलिस ने फर्जी एडवाइजरी फर्म पर छापा मार कर संचालक चंदन पाटीदार और आरिफ खान को गिरफ्तार किया है। आरोपित इंस्टाग्राम, फेसबुक, टेलीग्राम जैसे इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म से ग्राहकों का डेटा निकाल कर निवेशकों को ठगते थे। पुलिस सेबी, आयकर और ईडी जैसी जांच एजेंसियों की भी मदद ले रही है।

डीसीपी जोन-2 अभिनय विश्वकर्मा के मुताबिक फरियादी मंजीत जोगीराम शर्मा निवासी पिलनी कैथल (हरियाणा) की शिकायत पर फर्जी एडवाइजरी फर्म स्टार एल्गो रिसर्च के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस ने गुरुवार रात एमआर-9 स्थित चंद्रनगर में कंपनी के दफ्तर में छापा मारा तो 120 से ज्यादा युवक-युवतियां मिले।

## बलौदाबाजार हिंसा मामले में चालान पेश 356 आरोपियों में 183 की हुई गिरफ्तारी

**बलौदाबाजार।** बलौदाबाजार हिंसा, आगजनी मामले में पुलिस ने कोर्ट में महत्वपूर्ण चालान पेश किया, जिसमें जिला संयुक्त कार्यालय में हुई आगजनी की घटना से संबंधित दस्तावेज हैं। पुलिस सिटी कोतवाली थाना में दर्ज 13 एफआईआर में 10 चालान पहले ही पेश कर चुकी है। वहीं संयुक्त जिला कार्यालय और पुलिस अधीक्षक कार्यालय को जलाए जाने के दो मामलों में 61 आरोपी बनाए गए थे, जिसका चालान पेश किया गया। आगजनी के मुख्य मामले में पुलिस 1325 पेज और 1200 पेज का चालान पेश किया है। जिले की इस आगजनी हिंसा में शासन को 13 करोड़ की क्षति हुई थी।

## सीएम साय के निर्देश पर पुलिस ने गांजा तस्करी के बड़े रैकेट का किया भांडाफोड़, अब तक प्रमुख सरगना समेत 8 गिरफ्तार



**रायपुर ।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर छत्तीसगढ़ पुलिस सक्रिय हो गई है। मादक पदार्थ के तस्करों के खिलाफ लगातार कारवाई की जा रही है। इसी कड़ी में रायगढ़ पुलिस द्वारा गंजा तस्करों के बड़े नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। दरअसल केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हाल ही में छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान इस तरह की गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए मुख्यमंत्री साय को कहा था। निर्देशानुसार पुलिस मुख्यालय नवा रायपुर से प्राप्त दिशा निर्देशों पर बिलासपुर रेंज आईजी डॉ0 संजीव शुक्ला एवं एसपी श्री दिव्यांग पटेल के मार्गदर्शन पर बीते 28 अगस्त को जूटमिल पुलिस द्वारा कोड़ातराई के पास गांजा रेड की बड़ी कार्यवाही कर एक महिला समेत 05 आरोपी को पकड़ा गया था, जिनसे 175 किलो गांजा, एक अल्टो कार और एक छोटा हाथी पिकअप वाहन (कुल 43 लाख रूपये की संपत्ति) जप्त किया गया था, गिरफ्तार मुख्य आरोपी संतराम खुंटे सक्ती (छ.ग.) और इनके साथियों से कड़ी पूछताछ की गई ।




## एमआई -17 से छिटककर नदी में गिरा क्षतिग्रस्त क्रिस्टल हेलिकॉप्टर, थारू कैंप के पास हादसा

**रूद्रप्रयाग, 31 अगस्त [एजेंसी]।**



केदारनाथ में एक हेलिकॉप्टर नदी में जा गिरा। दरअसल, कुछ दिन पहले हेलिकॉप्टर खराब हो गया था, जिसकी रिपेयरिंग होनी थी। एमआई-17 हेलिकॉप्टर से इस हेलिकॉप्टर को लिफ्ट किया जा रहा था। तभी थारु कैंप के पास वायर टूटने से हेलिकॉप्टर नीचे नदी में गिर गया। 24 मई 2024 को लैंडिंग के दौरान तकनीकी खराबी आने से जिस हेलिकॉप्टर की आपात लैंडिंग करानी पड़ी थी वो आज शनिवार सुबह क्रैश हो गया। हेली को ठीक करने के लिए वायु सेना के एमआई 17 हेलिकॉप्टर की मदद से हैंग करके गौचर हवाई पट्टी पहुंचाया जा रहा था। इस दौरान एमआई 17 डिसबैलेंस होने लगा। खतरे को भांपते हुए पायलट ने खाली स्थान देखते हुए हेली को घाटी में ड्रॉप कर दिया। जिला पर्यटन अधिकारी राहुल चौबे ने बताया कि 24 मई 2024 को क्रिस्टल एविएशन कंपनी में तकनीकी खराबी आने के कारण पायलट की सूझबूझ से हेली को केदारनाथ हेलीपैड से कुछ दूरी पहले ही आपात स्थिति में लैंडिंग कराई गई थी।

पायलट की सूझबूझ से हेली में सवार सभी यात्रियों की सुरक्षित लैंडिंग हुई थी। पर्यटन अधिकारी ने बताया कि शनिवार को हेली को ठीक करवाने के लिए गौचर हवाई पट्टी ले जाने की योजना थी, जिसके अनुसार सुबह सात बजे करीब वायु सेना के एमआई 17 हेलिकॉप्टर से क्रिस्टल एविएशन के हेली को हैंग कर गौचर पहुंचाया जाना था। थोड़ा दूरी पर आते ही हेली के भार एवं हवा के प्रभाव से एमआई 17 का बैलेंस बिगड़ने लगा, जिसके चलते थारू कैंप के नजदीक पहुंचने पर एमआई 17 से हेलिकॉप्टर को ड्रॉप करना पड़ा।

# शिविर में प्राप्त आवेदनों का गुणवत्ता एवं प्राथमिकता के साथ किया जाए निराकरण:कलेक्टर

## नए विद्यालय भवन, आंगनबाड़ी भवन, सीसी रोड, सड़क की मांग, पुल-पुलिया निर्माण जैसी मांग का परीक्षण कराने के दिए निर्देश





कोरबा। जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन आज करतला ब्लॉक के दूरस्थ ग्राम घिनारा में आयोजित किया गया है। शिविर में घिनारा सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से उपस्थित ग्रामीणों के बीच जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा अपने-अपने विभाग में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे शासन की योजनाओं का लाभ उठाएं। शिविर में कुल 253 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें से 83 आवेदन पर मौके पर ही निराकरण कर दिया गया। अन्य आवेदन मांग तथा शिकायत संबंधी होने की वजह से आवेदन पर परीक्षण कर कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

शिविर में उपस्थित क्षेत्र की जनप्रतिनिधि जनपद अध्यक्ष करतला श्रीमती सुनीता कंवर ने अपने संबोधन में कहा कि यहां ग्रामीणों की समस्याओं के निराकरण के लिए शिविर आयोजित किया गया है। ग्रामीण इस शिविर का लाभ जरूर उठाएं। यहां शासन की योजनाओं की जानकारी मिलने के साथ ही अपनी समस्याओं का निराकरण भी संबंधित अधिकारी के माध्यम से करा सकते हैं। कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने शिविर को सम्बोधित करते हुए कहा कि राज्य शासन के मंशानुरूप आमजनों की समस्या के तत्काल निराकरण हेतु करतला ब्लॉक के ग्राम पंचायत घिनारा में आज जिले का दूसरा जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर आयोजित किया गया है। शिविर में आमजनो द्वारा शिकायत और मांग संबंधी अनेक आवेदन प्राप्त हुए हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्रवासियों द्वारा प्रस्तुत मांग संबंधी आवेदन क्षेत्र के विकास कार्यों से जुड़े हुए हैं। जिसमें नए विद्यालय भवन, आंगनबाड़ी भवन, सीसी रोड, सड़क की मांग, पुल पुलिया के निर्माण सहित अन्य निर्माण कार्य शामिल है। सभी विकास कार्यों से संबंधित आवेदनों का परीक्षण कर शासन के नियमानुसार प्राथमिकता से निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। कलेक्टर ने कहा कि डीएमएफ की शासी परिषद की अगली बैठक में सभी पंचायतों में विकास कार्य स्वीकृत किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि शिविर में प्राप्त शिकायतों की जांच के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। ग्रामीणों की स्थानीय स्तर की समस्याओं का निराकरण जनपद पंचायत व तहसील स्तर पर करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए है। कलेक्टर ने ग्रामीणों को जागरूक करते हुए कहा कि ग्रामीण किसी भी शासकीय कार्य के लिए किसी भी अधिकारी-कर्मचारी को पैसे न दें। कोई अधिकारी, कर्मचारी पैसे की मांग करता है तो उसकी शिकायत जरूर करें। पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धार्थ तिवारी ने शिविर में आए आमजनो से यातायात नियमों का पालन करने एवं दोपहिया वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनने की समझाइश दी।। साथ ही उन्हें ऑनलाइन ठगी, धोखाधड़ी, फर्जी कॉल, ईनाम, लॉटरी, कूपन जीतने के नाम पर होने वाले साइबर क्राइम से भी सावधान रहने एवं किसी भी अंजान व्यक्ति को ओटीपी, पासवर्ड, पिन नंबर नही देने के लिए कहा। श्री तिवारी ने कहा कि कोरबा पुलिस आपकी सहायता के लिए है। आम नागरिक अपनी समस्याओं के समाधन के लिए बेझिझक नजदीकी थानों एवं एसपी कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। इस दौरान क्षेत्र के अनेक जनप्रतिनिधि, एसडीएम श्री श्रीकांत वर्मा, जनपद सीईओ श्री मोहनिश देवांगन, अन्य जिला स्तरीय अधिकारी व बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।शिविर में ग्रामीणों द्वारा अपनी मांगों, शिकायतों के संबंध में न सिर्फ लिखित आवेदन दिया गया अपितु माइक के माध्यम से कलेक्टर को भी समस्याओं के बारे में बताया। कलेक्टर श्री वसंत ने आम नागरिकों की समस्याओं को वन टू वन चर्चा करते हुए सुना और संबंधित पटवारी, सचिव, अधिकारी, तहसीलदार को सामने आकर ग्रामीणों के द्वारा बताए गए समस्याओं का जवाब देने के निर्देश दिए। शिविर में ही अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा जवाब दिए जाने पर ग्रामीणों ने संतुष्टि जताई। इस दौरान कलेक्टर ने ग्रामीणों को दिए गए समय सीमा के भीतर संबंधित अधिकारी से संपर्क कर अपनी समस्याओं के निराकरण की जानकारी प्राप्त करने कहा।शिविर में कलेक्टर श्री अजीत वसंत सहित अन्य अतिथियों द्वारा विभिन्न विभागों में संचालित योजनाओं से ग्रामीणों को लाभान्वित किया गया।कृषि विभाग द्वारा विभागीय योजनांतर्गत किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने हेतु केराकछार के किसान श्री ईश्वर प्रसाद राठिया को 15 हजार से अधिक की लागत का 2 एचपी का विद्युतकृत मोटर पंप सहायक समाग्री सहित प्रदान किया गया। जिसमे किसान का अंशदान 7010 रुपये है एवं शेष राशि का सब्सिडी प्रदान किया जाएगा। मोटर पंप पाकर हितग्राही ईश्वर के चेहरे पर खुशी की लहर दौड़ गई। उन्होंने कहा कि सिंचाई सुविधा मिलने से उनके कृषि कार्य मे सहायता मिलेगी। उत्पादन में बढ़ोत्तरी होगी साथ ही फसलों की सिंचाई के लिए परेशानी नहीं होगी। उन्होंने बताया कि उनका मुख्य कार्य कृषि ही है। उनका परिवार का जीविकोपार्जन कृषि पर ही आश्रित है। उनके परिवार में कुल 10 सदस्य है। फसलों के अच्छे उत्पादन के लिए अच्छी सिंचाई की समय समय पर आवश्यकता होती है। इस हेतु यह मोटर पंप उनके उपज बढ़ाने में बहुत मददगार साबित होगा। साथ ही धान की फसल के बाद रवि फसल गेंहू चने की खेती एवं साग सब्जी उत्पादन में भी सहायक होगा। इससे उनकी परिवारिक आय में बढ़ोत्तरी होगी।

शिविर में मत्स्य विभाग द्वारा आदिवासी मछुआ सहकारी समिति जूना केराकछार के हितग्राही श्री आनंद राम एवं श्री रामायण सिंह को आइस बॉक्स एवं मत्स्य जाल प्रदान किया गया साथ ही उन्हें योजना का लाभ उठाकर अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत बनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया।नन्हे शिशुओं को कराया गया अन्नप्राशन एवं बच्चों को दी गई सुपोषण टोकरी - महिला एवं बाल विकास द्वारा शिविर में विभागीय योजनाओं के तहत 05 नन्हें शिशुओं का अन्नप्राशन कराया गया। जिसके अंतर्गत दक्षी, नीरज, भावेश, आयांश, विनीता शामिल है। इसी प्रकार 05 बच्चे यशमन, विहर्ष, मोक्ष, रेयांशी व तरुण को सुपोषण टोकरी भी अतिथियों द्वारा प्रदान किया गया।शिविर में जनसंपर्क विभाग द्वारा ग्रामीणों को शासन की योजनाओं की जानकारी प्रदान कर शासकीय योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रेरित किया गया साथ ही शासकीय योजनाओं के संबंधित जनमन पत्रिका का वितरण भी किया गया।

# पुराने पेंशन योजना के तहत पेंशन प्रकरण बनाए जाने हेतु कार्यशाला का किया गया आयोजन



कोरबा । छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा पुराने पेंशन योजना को लागू करते हुए एक नवम्बर 2004 से लेकर 31-3-2022 तक के नियुक्त कर्मचारियों को पुराने पेंशन योजना के लाभ दिए जाने हेतु विकल्प भरे जाने का प्रावधान किया गया था। जिसमें एनपीएस के अंतर्गत आने वाले कर्मचारियों द्वारा पुराने पेंशन योजना का विकल्प भर गया था। जिन कर्मचारियों के मृत्यु हो चुकी थी। उनके नॉमिनी के द्वारा विकल्प का चयन किया गया था। विकल्प के आधार पर पुराने पेंशन योजना के लाभ दिए जाने हेतु छत्तीसगढ़ शासन द्वारा नियम निर्देश जारी किया गया ।

इस नियम निर्देश को आज पुन: विस्तृत रूप से समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारियों के कार्यशाला आयोजित कर पीपीटी के माध्यम से अवगत कराया गया। प्रत्येक बिंदु पर चर्चा की गई एवं उपस्थितों से आने वाले समस्या के संबंध में भी पूछा गया । वर्तमान में कोरबा जिला में लंबित 177 प्रकरण के निराकरण हेतु डीडीओ वॉइस सूची उपलब्ध कराई गई , जिसे एक सप्ताह के अंदर समस्त प्रकरणों की निराकरण हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही एमईआर के लंबित प्रकरण तथा सामान्य भविष्य निधि के अंतिम भुगतान एवं ऋणात्मक शेष के समायोजन के संबंध में चर्चा की गई। भुगतान हेतु लंबित प्रकरणों की सूची डीडीओ को प्रदान की गई। साथ ही ऋणात्मक शेष की सूची भी डीडी ओ को उपलब्ध कराई गई। कार्यशाला में पेंशन प्रकरणों के त्वरित निराकरण हेतु निर्देशित किया गया। जिस पेंशन प्रकरण में संयुक्त संचालक कार्यालय से आपत्ति कर डीडीओ को वापस किया गया है, उसके निराकरण हेतु तथा निराकृत कर तत्काल संयुक्त संचालक कार्यालय को भेजे जाने हेतु निर्देशित किया गया। कार्यशाला में बताया गया कि ई-बिल में बिल तैयार करते समय कौन-कौन से बिंदुओं का विशेष ध्यान रखा जाना है। जीएसटी नंबर टेन नंबर को अपडेट कैसे करना है। खरीदी, चिकित्सा एवं यात्रा जैसे अन्य देयकों में वेतन के अलावा अन्य देयकों में बीटीआर नंबर, बिल नंबर बिल दिनांक तथा भुगतान पारित का आदेश अंकित करते हुए बीटीआर हस्ताक्षरितत कापी ऑनलाइन में अपलोड करने हेतु बताया गया। बिल तैयार करते समय आने वाले विभिन्न प्रकार के समस्याओं के बारे में अवगत कराया गया। उपरोक्त समस्त बिंदुओं पर तैयार किए गए पीपीटी के माध्यम से अवगत कराया गया। पुराने पेंशन योजना के तहत पेंशन प्रकरण तैयार कर पेंशन भुगतान में होने वाले विलंब को गंभीरता से लेते हुए संचालक पेंशन एवं भविष्य निधि श्री रितेश अग्रवाल द्वारा पूरे प्रदेश में इस पर गति लाने हेतु निर्देशित किया गया। वरिष्ठ कोषालय अधिकारी श्री पी आर महादेवा ने बताया कि संचालक के निर्देश के परिपालन में कार्यशाला प्रत्येक जिला में आयोजित की जा रही है तथा समस्त डीडीओ से भी आग्रह किया जा रहा है कि पुरानी पेंशन योजना के तहत मिलने वाले पेंशन का लाभ अभिदाता को या उनके नामिनी को अविलंब प्राप्त हो जाए । शासन की मंशानुरूप सभी को तत्परता से कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया है । इस कार्यक्रम में संयुक्त संचालक कोष लेखा एवं पेंशन बिलासपुर श्री राजेंद्र कुमार पटेल एवं मोहनीश पांडे उपस्थित रहे। समस्त बिंदुओं पर पी आर महादेव वरिष्ठ कोषालय अधिकारी कोरबा द्वारा प्रस्तुतिकरण दिया गया ।कार्यशाला में जिले के विभिन्न डीडीओ तथा लेखपाल एवं डाटा एंट्री ऑपरेटर उपस्थित थे।

# निश्चित समय समय-सीमा में पूर्ण करें निर्माण कार्य : डीएम



कोरबा । कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने आज कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक लेकर अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों को निश्चित समय सीमा में पूर्ण किया जाए। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों को पूर्ण कराने के साथ ही हैंड ओवर करने की भी जिम्मेदारी विभागीय अधिकारियों की है. उन्होंने निर्देश दिए कि गर्ल्स हॉस्टल, दिव्यांग विद्यालय के निर्माण कार्य अक्टूबर माह में हर हाल में पूर्ण करा लिए जायें।

ईई पीएमजीएसवाई को निर्देश दिए कि कुदमुरा श्यांग मार्ग निर्माण कार्य के लिए टेंडर प्रक्रिया शीघ्र पूरी की जाए। पी एम जनमन के कार्य प्राथमिकता से पूर्ण करें। ईईआरईएस को निर्देशित किया कि आत्मानंद स्कूल के निर्माण कार्य अगले माह में पूर्ण कर लिए जाएं. ट्रांजिट हॉस्टल, आवास और विद्यालयों के निर्माण कार्य निश्चित समय सीमा में पूर्ण किए जाएं. गृह निर्माण विभाग को निर्देशित किया गया कि कन्वेंशन सेंटर को 10 दिवस में पूर्ण करके हैंड ओवर करें। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि बड़े कार्यों के निर्माण कार्यों की अंतिम राशि के भुगतान हेतु जिला स्तरीय समिति गठित करके समिति के द्वारा कार्यों का सत्यापन कराया जाए। कलेक्टर ने नगर निगम आयुक्त को निर्देशित किया कि पीजी कॉलेज का निर्माण कार्य, जिला चिकित्सालय, अशोक वाटिका तथा एनसीडीसी के निर्माण कार्य निश्चित समय सीमा में दिसंबर तक पूर्ण कर लिए जाएं। ईई जल संसाधन विभाग को निर्देशित किया गया कि जिले में किसानों को लाभान्वित करने के लिए ऐसे उपयुक्त स्थलों का चयन किया जाए जहां पर एनीकट निर्माण किया जा सके। उन्होंने निर्देश दिए नगरीय निकाय के क्षेत्रों में जनहित कार्य जैसे सामुदायिक भवन, स्ट्रीट लाइट आदि के निर्माण कार्य निगम आयुक्त से चर्चा करके निर्माण कार्य कराएं। ईई आरइएस को निर्देश दिया गया है कि गांव में स्वीकृत नए स्कूल भवनों का निर्माण कार्य अप्रैल 2025 तक हर हाल में पूर्ण कर लिए जाएं ताकि नए शिक्षण सत्र सुचारू रूप से संचालित हो सके।

# छात्रावास अधीक्षक भर्ती परीक्षा में मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट रहेंगे प्रतिबंधित



कोरबा । जिले में 15 सितंबर 2024 को होने वाली छात्रावास अधीक्षक भर्ती परीक्षा के पर्यवेक्षक/केंद्राध्यक्ष व वीक्षकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में श्री टी. आर. भारद्वाज नोडल अधिकारी एवं मास्टर ट्रेनर के द्वारा विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं शिक्षकों को दिया गया। प्रशिक्षण में पर्यवेक्षक/केंद्राध्यक्ष व वीक्षकों के द्वारा परीक्षा में किए जाने वाले महत्वपूर्ण कार्यों की जानकारी दी गई। परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों के लिए मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट आदि प्रतिबंधित किया गया है। कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने व्यापमं के नियमों का कड़ाई से पालन करने के साथ ही जिले में परीक्षा पारदर्शीपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के निर्देश दिए हैं।

छात्रावास अधीक्षक भर्ती परीक्षा कोरबा जिले में 54 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिसमें 18152 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा में 1650 वीक्षक बनाए गए हैं। प्रत्येक 12 परीक्षार्थियों के लिए 01 वीक्षक की ड्यूटी लगाई गई है। परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश निर्धारित पहचान पत्र की केवल मूलप्रति के आधार पर ही प्रवेश दिया जाएगा। व्यापमं द्वारा जारी प्रवेश पत्र से फोटो का मिलान करके ही प्रवेश दिया जाएगा। परीक्षा 15 सितंबर 2024 को एक ही पाली में अपरान्ह 12 बजे से 02:15 बजे तक संपन्न होगी।

प्रशिक्षण में बताया गया कि परीक्षा केंद्रों पर प्रात: 11 बजे के पूर्व परीक्षा सामग्री पहुंचाई जाएगी। परीक्षार्थियों को आधा घंटे पहले परीक्षा केंद्र पहुंचना होगा। परीक्षा के 45 मिनट पूर्व एवं समाप्ति के 45 मिनट पश्चात् अप्राधिकृत व्यक्ति का प्रवेश निषेध रहेगा। वीक्षक द्वारा उपस्थिति पत्रक पर परीक्षार्थियों का हस्ताक्षर व परीक्षा कक्ष में लिए जाने वाले हस्ताक्षर का एक समान होना सुनिश्चित किया जाएगा। नोडल अधिकारी श्री टी. आर. भारद्वाज ने बताया कि जिले में परीक्षा की पारदर्शिता के लिए 10 परीक्षा केंद्रों में 01 उड़नदस्ता तथा जिले में कुल 05 उड़नदस्ता तहसीलदार के नेतृत्व में गठित किए जाएंगे।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश में 17 मार्च 2019 से छत्तीसगढ़ सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम 2008 के नियमों को लागू किया गया है, जिनका आगामी छात्रावास अधीक्षक भर्ती परीक्षा में कड़ाई से पालन किया जाएगा। जिसमें धारा-3 के तहत परीक्षार्थी द्वारा अनुचित साधनों के उपयोग को प्रतिबंधित किया गया है। धारा-4 के तहत कर्मचारी-अधिकारी परीक्षा की गोपनीयता भंग नहीं करेंगे। धारा-7 के तहत प्रबंध तंत्र किसी परीक्षार्थी को अनुचित साधन के प्रयोग में सहयोग नहीं करेंगे और धारा-10 के तहत उपरोक्त किसी भी धारा का उल्लंघन करने पर 01 वर्ष की सजा तथा 20 हजार रूपए के जुर्माने का प्रावधान है।

# आवेदन आमंत्रित

कोरबा । प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) का मूल उद्देश्य प्रदेश के सभी आवासहीन तथा बेघर परिवारों को बुनियादी सुविधाओं से युक्त पक्का मकान उपलब्ध कराना है। प्रदेश में वृहद स्तर पर निर्मित किए जाने वाले आवासों को ध्यान में रखते हुए, हितग्राहियों को तकनीकी मार्गदर्शन में एवं सामग्री की उपलब्धता/सहायता से दृष्टिकोण से लगभग 150 हितग्राहियों के लिए क्लस्टर में 01 समर्पित मानव संसाधन की सेवा लेने का निर्णय लिया गया है। समर्पित मानव संसाधन को प्रति आवास पूर्णता पर 1000 रूपए की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

# जिले में अब तक 09 लाख से अधिक राशनकार्ड केवाईसी पूर्ण

कोरबा । सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत जिले में 30 अगस्त 2024 की स्थिति मे प्रचलित 3,38,717 राशनकार्डो के कुल 11,77,482 राशनकार्डधारी सदस्यों में से 9,39,154 सदस्यों को ई-केवाईसी पूर्ण हो चुका है तथा 2,38,328 राशनकार्डधारी सदस्यों का ई-केवाईसी शेष है। केवाईसी हेतु शेष राशनकार्डधारियों की दुकानवार सूची समस्त उचित मूल्य दुकान संचालकों को उपलब्ध कराई जा चुकी है। ई-केवाईसी हेतु राशनकार्डधारी सदस्यों को राशनकार्ड एवं आधार कार्ड लेकर उचित मूल्य दुकान में जाना है। ई-केवाईसी हेतु शेष राशनकार्डधारी सदस्यों द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के किसी भी शासकीय उचित मूल्य दुकान में उपलब्ध ई-पास मशीन के माध्यम से ई-केवाईसी की कार्यवाही 15 सितम्बर 2024 तक पूर्ण कराया जाना है।

उक्त संबंध में कलेक्टर द्वारा उपरोक्तानुसार शेष सदस्यों की ई-केवाईसी पूर्ण कराने हेतु समस्त नगरीय निकाय/जनपद पंचायतों/सहायक खाद्य अधिकारी/खाद्य निरीक्षकों को निर्देशित किया गया है तथा शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालकों को उपलब्ध कराई सूची में दर्शित राशनकार्डधारी सदस्यों का परीक्षण/भौतिक सत्यापन के लिए ग्रामीण क्षेत्रो में ग्राम पंचायत सचिव तथा शहरी क्षेत्रों में वार्ड हेतु नियुक्त कर्मचारी (वार्ड प्रभारी) शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालकों से समन्वय स्थापित कर ऐसे राशनकार्डधारी जिनकी मृत्यु हो चुकी है तथा उनके परिवार में अन्य कोई आश्रित सदस्य नहीं है एवं ऐसे राशनकार्डधारी जो वर्तमान में ग्राम पचांयत/नगरीय निकाय क्षेत्र में निवास नहीं कर रहे है कि जानकारी चिन्हांकित कर जनपद पचांयत/नगरीय निकाय कार्यालय से प्राप्त अनुशंसा उपरांत राशनकार्डो/सदस्यों को डेटाबेस से निरस्त करने की कार्यवाही किया जा सकेगा। जिन राशनकार्डधारी सदस्यों के द्वारा समय-सीमा में ई-केवाईसी पूर्ण नहीं कराने की स्थिति में उन्हें भविष्य में खाद्यान्न उठाव करने में कठिनाईयां होगी। राशनकार्डधारी सदस्यों को राशनकार्ड से खाद्यान्न उठाव करने में होने वाली कठिनाईयों से बचने के लिए राशनकार्ड में दर्ज शत-प्रतिशत सदस्यों का ई-केवाईसी 15 सितम्बर 2024 तक पूर्ण करा लिया जाए।



# बुगल की स्मृति में दीपका क्षेत्र में हुए कई कार्यक्रम

कोरबा। नगर पालिका परिषद दीपका के प्रथम अध्यक्ष स्व. बुगल कुमार दुबे जी के चतुर्थ पुण्यतिथि के अवसर पर नगर पालिका दीपका क्षेत्र में विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती संतोषी दीवान जी के नगर पालिका कार्यालय कक्ष में स्वर्गीय बुगल दुबे जी के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर एवं माल्यार्पण कर कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक माननीय प्रेमचंद पटेल जी द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित किया गया एवं नगर पालिका दीपका के मणि कंचन केंद वार्ड क्रमांक एक में स्वर्गीय बुगल कुमार दुबे जी के स्मृति में स्वच्छता दीदियों को साड़ी, मिष्ठान ,फल, श्रीफल एवं अन्य स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य खाद्य आयोग की पूर्व अध्यक्ष श्री ज्योति नंद दुबे , नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती संतोषी दीवान, मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री राजेश गुप्ता, मंडल अध्यक्ष सूर्य प्रकाश शर्मा, भवदीप दुबे, मनोज दुबे, पार्षद अरुणनीश तिवारी,उत्तम कुमार दुबे, नितेश शर्मा ,सुशील तिवारी, अनूप यादव, विशाल अग्रवाल, राजेंद्र साहू, श्रीमती संगीता साहू , श्रीमती कुसुम केवट, लक्ष्मी केवट, रमेश गुरुद्वान, द्वारिका शर्मा, धर्म तिवारी, सानिध्य सोलंकी,सुजीत सिंह, बंटी साहू , संतोष निराला, मुकेश जायसवाल, लल्लू सिंह, मन्नू राठौर, राम पुकार पंडित, ज्योति तिवारी, आनंद चौकसे, संहित भाजपा मंडल दीपका के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सम्मानित नागरिकगर्म दीपिका क्षेत्र के समस्त स्वच्छता दीदी इस कार्यक्रम में सम्मिलित हुए ।

# पुलिस व खिलाड़ी की भूमिका एक समान: एएसपी



कोरबा । भारत के महान खिलाड़ी हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती खेल दिवस के अवसर पर बाल्को स्थित डॉ. अंबेडकर स्टेडियम में हॉकी मैच का आयोजन किया गया। सुबह 9 से शाम 5 बजे तक आयोजित हुए इस कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों और क्लबों की हॉकी टीमों ने भाग लिया।

आयोजन के मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यूबीएस चौहान थे। इस अवसर पर मेजर ध्यानचंद को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया गया। हॉकी खेल में भारत को पहचान दिलाने में उनके योगदान और संघर्षों को स्मरण किया गया। अतिथियों का स्वागत उपरांत मंचीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि यूबीएस चौहान ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि खेल को खेल की तरह खेलना चाहिए, खेल में अनुशासन बनाये रखना दोनों टीमों का परम कर्तव्य होता है, खेल हमें स्वस्थ रखने के साथ-साथ अनुशासित भी बनाते हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस व खिलाड़ी की भूमिका एक समान होती है। दोनों ही रक्षण और आक्रमण के लिए जूझते हैं। खिलाड़ी अपनी टीम को जिताने के लिए प्रतिद्वंदी टीम के प्रति आक्रामक भूमिका में रहता है, ठीक उसी तरह पुलिस के अधिकारी और जवान सज्जनों, आमजनों की रक्षा के लिये जूझते रहते हैं। बालको थाना के प्रभारी निरीक्षक अभिनवकांत सिंह ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर हॉकी मैच का शुभारंभ खिलाडियों से हाथ मिलाकर परिचय प्राप्त करने के पश्चात मुख्य अतिथि के द्वारा कराया गया। रोमांचक मुकाबलों में ब्वॉयज टीम से जिला हॉकी संघ विजेता व बालको हॉकी टीम उप विजेता रही। गर्ल्स टीम से प्रथम विजेता जिला हॉकी संघ और उप विजेता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय साडा कन्या की टीम रही। विजेता और उप विजेता टीम को अतिथियों ने पुरस्कृत किया। विशेष तौर पर जिला हॉकी संघ के अध्यक्ष राजेंद्र जायसवाल, सचिव तारिक कुरैशी उपस्थित रहे।

इनके अलावा कोरबा जिला के सर्वश्रेष्ठ सभी खेल के नेशनल खिलाड़ी गगन बकवाले, तोपेश पटेल, देवेंद्र पटेल, आयुष महंत, मुस्कान यादव, हेमा, आलोक सागर, अंजली साहू, लवली साहू, महेंद्र चंद्रा, रिया श्रीवास को ट्रैक सूट भेंट कर सम्मानित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना करी। इस अवसर पर वरिष्ठ खिलाड़ी धनराज निर्मलकर, गोपाल दास महंत, प्रभात सिंह, चंदन मौर्य, महेंद्र चंद्र, नैतिक दास, चांदनी धुर्वे, रेशमी चौहान, बिंदु मार्को, महेंद्र पटेल, मनीषा दास का सराहनीय सहयोग रहा। हॉकी मैच का आनंद उठाने के लिए बड़ी संख्या में स्थानीय खेल प्रेमी और नगरजन भी उपस्थित रहे।



## राज्य स्तरीय बंजारा महासम्मेलन में शामिल होंगे मुख्यमंत्री साय

**जांजगीर चांपा।** ऑल इंडिया बंजारा सेवा संघ छग के प्रदेश प्रतिनिधि मंडल ने 27 अगस्त मंगलवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से सौजन्य मुलाकात कर बंजारा समाज के आराध्य संत सेवालाल के छायाचित्र भेटकर एसटी प्रकरण, नया रायपुर मे छात्रावास, निगम मंडल आयोग मे प्रतिनिधित्व की मांग, सहित अन्य मुद्दों पर विस्तृत चर्चा किया गया तथा आगामी 15 सितंबर को रायपुर होने वाले राज्य स्तरीय बंजारा महासम्मेलन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आने की स्वीकृति प्रदान की है।

इस दौरान अखिल बंजारा सेवा संघ के प्रदेश अध्यक्ष सदाशिव राम नायक, बंजारा युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अजय नायक, कौडिया परिक्षेत्र के पूर्व अध्यक्ष प्यारेलाल नायक, कौड़िया परिक्षेत्र के पूर्व उपाध्यक्ष इंदल सिंह नायक, देवभोग परिक्षेत्र के अध्यक्ष खगेश्वर नायक, प्रदेश महासचिव युवा प्रकोष्ठ विष्णु नायक, प्रदेश महामंत्री युवा प्रकोष्ठ मनोज मुछावड़, मेगासिटी अध्यक्ष रायपुर आलेख नायक, प्रदेश संगठन मंत्री धनसाय नायक, रायपुर संभागीय अध्यक्ष कामेश बंजारा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य गिरधर बंजारा, फुलझर परिक्षेत्र के सचिव दुर्गा नायक सहित अन्य बंजारा बंधु उपस्थित थे।

# ग्रामीणों की याचिका खारिज, सकरेली फाटक हमेशा के लिए होगा बंद

**सकरेली।** सक्ती जिले का सकरेली फाटक आज 31 अगस्त को रात 10 बजे से हमेशा के लिए बंद कर दिया जाएगा। ग्रामीणों ने फाटक बंद होने से रोकने के लिए हाई कोर्ट में याचिका लगाई थी मगर वह खारिज हो गया। अब ग्रामीण आंदोलन की तैयारी कर रहे हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि रेलवे के निर्णय से गांव की 60 प्रतिशत जनता प्रभावित होगी। गांव वालों की अंडर ब्रिज बनाने की मांग धरी की धरी रह गई। ग्रामीणों की मांग पर न तो जनप्रतिनिधियों ने ध्यान दिया और न ही रेलवे प्रशासन ने। अब स्थिति यह है कि 31 अगस्त से सकरेली फाटक बंद हो जाएगा और ग्रामीणों की परेशानी बढ़ जाएगी। सकरेली फाटक को बंद करने की अंतिम तारीख आने के बाद से ग्रामीणों में अब फिर से आक्रोश पनप रहा है और वे अपनी परेशानी को लेकर चिंतित हैं। सकरेली बा. में स्थित फाटक ओवहरब्रिज बनने के बाद बंद किया जा रहा है। ग्रामीणों की मांग है कि यहां अंडर ब्रिज बनाया जाए अन्यथा गांव दो हिस्से में बट जाएगा।



**जनप्रतिनिधि बोले अंडरब्रिज से दूर होगी समस्या**

सकरेली बा. की सरपंच अनिता गेंदराम खाण्डे का कहना है कि सकरेली में जो रेलवे ओवर ब्रिज बना है वह नेशनल हाइवे को ध्यान में रखते हुए बड़े वाहनों के लिए बनाया गया है न कि गांव की जरूरतों को देख के बनाया गया है। ओवरब्रिज बनाने से चार पहिया एवं बड़े वाहन बिना किसी रुकावट के चल रहे हैं लेकिन गांव के लोगों को तो फाटक से ही आना जाना है। क्योंकि जो ओवरब्रिज बना है वह गांव के बाहर से जाता है। फाटक के बंद होने से ग्रामीणों को लंबी दूरी तय कर आवागमन करना होगा। भाजपा नेता प्रकाश साहू ने कहा कि ग्रामवासियों की कृषि भूमि लगभग 2 हजार एकड़ रेलवे फाटक के उस पार होने के कारण आने जाने में परेशानी होगी। ग्रामवासी किसी की मृत्यु होने पर मुक्तिधाम जाने में परेशान होंगे।

स्टेशन भांठा, सकरेली भांठा, केसला नवागांव के ग्रामवासियों को सोसायटी से चावल लेने आने के लिए परेशानी होगी। प्रकाश साहू ने सांसद से आग्रह किया कि वे रेलमंत्री को अवगत कराएं और किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए अंडर ब्रिज शीघ्र स्वीकृत कराएं। पूर्व जनपद सदस्य व कांग्रेस नेता बंशीधर खाण्डे ने कहा कि जिला प्रशासन ने गांव वालों के हित को दरकिनार करते हुए हाईकोर्ट को अधूरी जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी जिसमें प्रशासन ने पक्ष को गलत ढंग से रखा । उन्होंने फाटक बंद करने का निर्णय वापस लेने की मांग की है।

**ग्रामीणों ने कहा वैकल्पिक व्यवस्था के बाद बंद हो फाटक**

गांव के धनेश्वर पाण्डेय ने कहा कि ग्राम सकरेली का जो फाटक है वह ब्रिटिश जमाने से चलते आ रहा है। इस लाइन के उपर से जो ओवरब्रिज बना है वह फाटक के उस तरफ से शुरू होकर ग्राम को पूरा छोड़ते हुए सीधे केसला के पास उतरता है। जिससे ग्रामीणों को आवागमन के लिए काफी दिक्कत होगी। इसलिए गांव वाले अंडर ब्रिज की मांग कर रहे हैं।

ग्रामीण देवचरण तम्बोली ने कहा कि ग्राम सकरेली के फाटक को बंद करने के बाद आवागमन के लिए काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। फाटक के बंद होने के बाद सभी बसों को ओवरब्रिज से होकर जाना पड़ेगा और गांव में बसों का आना बंद हो जाएगा। जिसके चलते ग्रामीणों को ग्राम केसला जा कर बस पकड़ना पड़ेगा। वरिष्ठ नागरिक संघ के उपाध्यक्ष गंगा राम चौहान ने कहा कि मुक्तिधाम उस पार है। हाई स्कूल के बहुत बच्चे फाटक के उस पार से आते हैं। मवेशी भी उस पार चरने जाते हैं। फाटक को बंद करने से गांव का विकास रूक जाएगा। रेलवे प्रशासन से मांग है कि जब तक कोई व्यवस्था नहीं होती है तब तक फाटक को बंद करने का निर्णय न लिया जाए।

## यादव समाज ने मां मनकादाई मंदिर में मनाया कृष्ण जन्मोत्सव का समापन

**मालखरौदा।** छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज ने गुरुवार को भोथिया की मां मनकादाई मंदिर प्रांगण में कृष्ण जन्म महोत्सव का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पत्नी कौशल्या साय और अध्यक्ष जांजगीर चांपा लोकसभा के सांसद कमलेश जांगड़े थीं।

विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश संरक्षक डीआर यादव, तहसील अध्यक्ष भोथिया भुनेश्वर यादव, युवा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष सन्नी यादव, प्रदेश संगठन मंत्री रामलाल यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष राजनीति प्रकोष्ठ पारस यादव, जिला महासचिव ऋषभदेव यादव सहित प्रमुख पदाधिकारी की उपस्थिति में रैली निकाली तो पूरा शहर जय माधव जय यादव नारे गूंज उठा।

कार्यक्रम में कौशल्या साय ने यादव समाज के पदाधिकारियों से कहा कि सामाजिक उत्थान के लिए जो मांग की है, उसे अवश्य पूरा करगें। इस दौरान सांसद कमलेश जांगड़े ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण प्रेम एकता और भाईचारे का प्रतीक हैं। हमेशा यादव समाज के लोगों में भगवान श्री कृष्ण के गुण व विचारधारा देखने को मिलती रही है, इसीलिए तो यादव समाज दूसरे अन्य समाज से मिलकर रहने वाला समाज कहलाता है और जिस तरह गोकुल मथुरा में रहकर सभी जाति समुदाय को एक सूत्र में बांधकर जो एकता मिशाल श्री कृष्ण भगवान ने पेश की, उसकी चर्चा विश्व में होती है।

इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री सहनीराम यादव, विश्व हिन्दू परिषद रायगढ़ जिला अध्यक्ष सोनू महाराज, प्रदेश संदेश वाहक सुकलाल यादव, जैजेपुर तहसील अध्यक्ष राजकुमार यादव, तहसील सक्ती अध्यक्ष संतोष कुमार यादव, डभरा तहसील अध्यक्ष घनश्याम यादव, जिला कार्यकारिणी सदस्य गोपाल नारायण यादव, बाराद्वार तहसील अध्यक्ष मत्तूलाल यादव, हसौद तहसील अध्यक्ष सोहरन यादव, तहसील सक्ती कार्यवाहक अध्यक्ष राजेश कुमार यादव, नरेश यादव, गोपी यादव रमेश यादव सहित भारी संख्या में सामाजिक पदाधिकारी व महिलाएं व बच्चे उपस्थित थे।

## घुटने भर पानी पार करके बच्चे पहुंचते है स्कूल

**जैजपुर।** जैजैपुर ब्लाक के ग्राम कोटेतरा की गलियों में घुटने भर तक पानी भरा है । निकासी की सुविधा नहीं होने से पानी घरों में भी घुस रहा है। ग्रामीणों ने सरपंच सचिव को इस समस्या का निदान करने की मांग की है, लेकिन उनके द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। छात्र छात्राओं को घुटने भर पानी को पार कर स्कूल जाना पड़ रहा है।

सरपंच सचिव की उदासीनता के चलते वर्षा का पानी मुख्य मार्ग पर भर गया है। इससे जहां ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं स्कूली छात्र-छात्राओं को आने-जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। आसपास के घरों में पानी घुसने से यहां का जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है।

ग्राम पंचायत के द्वारा पानी निकासी की कोई व्यवस्था नहीं की जा रही है। अभी हाल ही में दूषित पानी के चलते गांव में डायरिया फैली थी और इसके चलते एक व्यक्ति की मौत हुई थी व 36 लोग प्रभावित भी हुए थे। उसके बाद भी सरपंच सचिव के द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया गया और उदासीनता बरती जा रही है।

ग्राम पंचायत की व्यवस्था एवं सरपंच सचिव की जनविरोधी क्रियाकलापों के चलते ग्रामीणों में है। ग्राम कोटेतरा में व्याप्त गंदगी एवं जल भराव से डायरिया जैसे अन्य संक्रामक बीमारी के फैलने का अंदेशा है। ग्रामीणों ने शीघ्र ही पानी निकासी की व्यवस्था बनाने मांग की है।

## सक्ती के कालेज मैदान में भरा पानी खिलाड़ी हो रहे परेशान

**सक्ती।** शहर में स्थानीय प्रशासन एवं जिला प्रशासन की उदासीनता तथा बिना किसी प्लानिंग के निर्माण कार्यों को किए जाने से शहर वासियों के लिए खेल एवं अन्य सार्वजनिक कार्यों के लिए बचे एकमात्र कॉलेज मैदान में भी वर्षा का पानी लबालब भर गया है, जिसके चलते सुबह से लेकर देर शाम तक शहर सहित अंचल के खिलाडियों को मिलने वाले इस मैदान का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

खेल मैदान में जहां छोटे-छोटे बच्चों से लेकर युवा वर्ग के खिलाड़ी विभिन्न खेलों के माध्यम से अपनी प्रतिभाओं को निखारने का काम करते हैं किंतु दुर्भाग्य है कि सक्ती जिला बनने के बाद भी यह कॉलेज का मैदान प्रतिवर्ष बरसात में पानी से लबालब भर जाता है। स्थानीय प्रशासन को इतना भी समय नहीं है कि इस कॉलेज मैदान के किनारे प्लानिंग कर बड़ी नालियां बनाए ताकि मैदान में पानी न भर सके।

अंचल के फुटबॉल खिलाडियों ने भी प्रशासन से मांग की है कि इस मैदान की दुर्दशा को देख तत्काल सुधार कार्य किया जाए एवं इसे उपयोगी बनाया जाए। नगर पालिका द्वारा करोड़ों रुपए की लागत से इंडोर स्टेडियम बनाया गया है, इस स्टेडियम में



विगत वर्ष नवीन शासकीय कन्या महाविद्यालय भी लगाया जाता था । मैदान में पानी भरने के कारण इस महाविद्यालय को भी अन्यत्र स्थानांतरित कर दिया गया है।

शहर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्टेडियम में भी जो कि दशकों से शहर की शान रहा है एवं यहां राष्ट्रीय स्तर तक के खेलों का आयोजन हुआ है, किंतु वर्तमान में इस स्टेडियम में भी प्रशासन द्वारा विभिन्न निर्माण कार्य करा दिए गए हैं, जिससे यह स्टेडियम भी आने वाले दिनों में खुले मैदान में होने वाले खेलों के लिए कहीं ना कहीं अनुपयोगी हो जाएगा।

## प्रधान पाठक के रिक्त पदों पर पदोन्नति की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन



**जांजगीर।** प्राथमिक शाला प्रधान पाठक के रिक्त पदों पर शीघ्र पदोन्नति के लिए शुक्रवार को छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन जांजगीर-चांपा ने डीईओ को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान जिला अध्यक्ष रविन्द्र राठौर ने बताया कि जिले में लगभग 100 पदों पर सहायक शिक्षकों का प्रधान पाठक पद पर पदोन्नति होनी है। अन्य जिलों में लगभग पदोन्नति आदेश जारी हो गया है। जिले में भी पिछले दो माह से पदोन्नति की तैयारी कर ली गई है लेकिन अब तक पदोन्नति प्रक्रिया पूरी नहीं की गई है। मांग पर डीईओ ने बताया कि पदोन्नति के लिए शनिवार को डीपीसी की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

डीईओ ने एक सप्ताह के भीतर काउंसलिंग के माध्यम से प्राथमिक शाला के प्रधान पाठकों की नियुक्ति आदेश जारी करने आश्वासन दिया है। रविन्द्र राठौर ने बताया कि संगठन द्वारा डीपीसी के लिए नियुक्त सदस्यों से भी जानकारी ली गई। शनिवार तक डीपीसी होने की बात कही है। इस अवसर पर प्रांतीय संगठन मंत्री छवि पटेल, कार्यकारी जिला अध्यक्ष हरीश कुमार गोपाल, विवेक राठौर, जिला सचिव दिनेश तिवारी, जिला कोषाध्यक्ष दिलीप भारती, राजेश कश्यप, हेमंत कोसले उपस्थित थे।


छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
कार्यालय कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग कोरबा
जिला- कोरबा (छ.ग.)

ई.प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

eProcurement Portal : https://eproc.cgstate.gov.in

(प्रथम आमंत्रण)

**सिस्टम निविदा क्र. 158113 निविदा सूचना क्र. ..../व.ले.लि./ई-प्रोक्युरमेंट/ 2022-23, दि. 29.08.2024**

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 19.09.2024 समय 17:30 तक ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

**कार्य का नाम** - कोडार व्यपवर्तन योजना के शीर्ष कार्य का निर्माण कार्य।
**अनुमानित लागत - रू. 588.08 लाख**

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 05.09.2024 समय 17:31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते हैं।

**नोट :** निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग
कोरबा (छ.ग.)

जी-242502120/9


## प्रदेश प्रतिनिधि ने सदस्य अभियान को बताया संगठन का महापर्व

**अकलतरा।** भारतीय जनता पार्टी अकलतरा ग्रामीण की सदस्यता अभियान की मंडल स्तरीय कार्यशाला भैसतरा में भाजपा प्रदेश प्रतिनिधि दिनेश सिंह, कार्यक्रम प्रभारी भाजपा जिला कोषाध्यक्ष अरुण झांझड़िया की उपस्थिति में आयोजित हुई।

दिनेश सिंह ने कहा कि सदस्यता अभियान संगठन का महापर्व है, प्रत्येक बूथ में कम से कम 200 लोगों को पार्टी की सदस्यता दिलानी है। मिस्ड कॉल, नमो एप व अन्य डिजिटल माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को सदस्यता दिलाई जाए। सक्रिय सदस्यों को भी 50 सदस्य बनाना है। कार्यकर्ता और संगठन की शक्ति से ही आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है। कार्यशाला प्रभारी अरुण झांझड़िया ने कहा कि सदस्यता अभियान में कार्यकर्ताओं को डिजिटल माध्यम को प्राथमिकता देते हुए अधिक से अधिक सदस्यों को जोड़ना है, प्रथम चरण 2 से 25 सितंबर तक, द्वितीय चरण 1 से 15 अक्टूबर तक और 16 से 31 अक्टूबर तक सक्रिय सदस्यता अभियान आयोजित होगा। भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रदीप सोनी ने कहा कि नए और युवा मतदाताओं को पार्टी में जोड़ने से पार्टी मजबूत होगी। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री प्रेमसागर कश्यप व आभार प्रदर्शन मंडल महामंत्री प्रकाश कामले ने किया।




इस दौरान महादेव नेताम, गोवर्धन सिंह, जितेंद्र सिंह कौशिक, जगदीश पटेल, नवनीता कवर, प्रभा सिंह राजपूत, पुष्पेंद्र थवाईत, विनोद निर्मलकर, पवन यादव, रोहित धीवर, सुकाल सिंह, कार्तिक राम कश्यप, छेदी लाल गोपाल, प्रमोद सिंह राजपूत, पंचराम पटेल, संतोष पटेल, रामनारायण सिंह, अशोक कैवर्त्य और भाजपा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## जिला पंचायात सीईओ रावटे ने किया निर्माण कार्यों की समीक्षा

**जांजगीर-चांपा।** जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे ने जिला पंचायत सभाकक्ष में निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने विभिन्न विभाग अंतर्गत संचालित निर्माण कार्यों की वित्तीय और भौतिक प्रगति की समीक्षा करते हुए दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में उन्होंने परियोजना प्रबंधकों को नियमित रूप से प्रगति रिपोर्ट जमा करने, सुरक्षा उपायों को और बेहतर बनाने के लिए अतिरिक्त सुरक्षा अधिकारियों को नियुक्त करने, सामग्री की गुणवत्ता को और अधिक सुनिश्चित करने, परियोजना की समयसीमा को और अधिक सुनिश्चित करने के लिए नियमित रूप से समीक्षा करने और कार्य योजना बनाने, श्रमिकों को आवश्यक प्रशिक्षण और मार्गदर्शन प्रदान करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में नोडल अधिकारी, जिला खनिज न्यास संस्थान, सर्व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, सहायक आयुक्त, आदिम जाति कल्याण विभाग, जिला योजना एवं सांख्यिकीय अधिकारी, कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला शिक्षा अधिकारी, कार्यापालन अभियंता, ग्रा.यां. से. सभाग, प्रभारी अधिकारी, मुख्यमंत्री घोषणा सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### पौधरोपण का संकल्प लेकर मनाया गया पर्यावरण दिवस



**जांजगीर।** भारतीय मजदूर संघ के अनुषांगिक संगठन मंच पर्यावरण संरक्षण पर जिला जांजगीर चांपा नारायण कुंज में कार्यक्रम हुआ। जिसमें पर्यावरण सुरक्षा के लिए प्रति व्यक्ति एक पौधा लगाने का संकल्प लिया गया।

### चिकित्सा शिविर में 384 लोगों की जांच

**अकलतरा।** आयुर्वेद चिकित्सा विभाग के तत्वावधान में आयुष स्वास्थ्य जागरूकता और चिकित्सा शिविर का आयोजन कापन में किया गया। शिविर का शुभारंभ विधायक राघवेन्द्र कुमार सिंह, पूर्व जनपद अध्यक्ष राजेश्वर पाटले और कापन के सरपंच शंकर लाल गौतम की उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम में राघवेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि आयुर्वेद इलाज की सबसे प्राचीन पद्धति है। आज इसे संपूर्ण विश्व अपना रहा है। आयुर्वेद से बीमारियों का इलाज जड़ से खत्म होता है। साथ ही शरीर में कोई भी साइड इफेक्ट नहीं होता। आयुर्वेदिक दवाइयों का सेवन करने के साथ-साथ लोगों को आयुर्वेद के प्रति जागरूक किया जाए। आयुर्वेद चिकित्सा विभाग द्वारा गांव-गांव में जाकर शिविर लगाने के साथ-साथ आयुर्वेद चिकित्सा के संबंध में जानकारी दी जाए। राजेश्वर पाटले ने कहा कि त्वरित इलाज के चक्कर में एलोपैथिक दवाइयों का सेवन करते हैं, लेकिन इससे शरीर को नुकसान होने के साथ-साथ रोग नहीं मिटता। हमें जागरूक होकर आयुर्वेदिक दवाइयों का सेवन करना चाहिए। शंकर लाल गौतम ने कहा कि आयुर्वेद भारत की सबसे प्राचीन पद्धति है। गांव के लोग जागरूक होकर आयुर्वेदिक काढ़े का उपयोग करने के साथ-साथ आयुर्वेद चिकित्सा विभाग की योजनाओं का लाभ लें।

### तालाब किनारे बरगद और पीपल के के पौधे लगाए

**गोधना।** आदर्श ग्राम गोधन के लोकेटर तालाब में मनोज कश्यप ने पौधरोपण किया। उन्होंने यह पौधा एक पेड़ जिंदगी के नाम थीम पर किया। उन्होंने बताया कि लगातार पेड़ों की कटाई हो रही है, जिसके कारण समय पर बारिश नहीं हो पाती। इसका खामियाजा किसानों को झेलना पड़ रहा है। इसलिए जीवन में कम से कम एक पेड़ लगाकर उसकी देखभाल करने का संकल्प लिया गया है और ग्रामीणों को भी इसके लिए प्रेरित किया। उन्होंने बरगद और पीपल के पौधे लगाए।



## सरहर हाईस्कूल में छात्र-छात्राओं को खिलाई गई कृमि नाशक दवा

**बाराद्वार।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर शासकीय हाईस्कूल सरहर में 140 छात्र-छात्राओं को कृमि नाशक एल्बेंडाजोल दवा खिलाई गई। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग से शीतल द्विवेदी, राजेश्वरी यादव, शत्रुघ्न चंद्रा, प्राचार्य सुनीता सिंह, वीपी लटियार, शिव कंवर, सीएच गीता, किरण बरेठ, जेपी बघेल, कविता चौहान, जितेन्द्र कुमार राठौर, अनिल कुमार शर्मा, डोरी लाल साहू, योगेश प्रकाश और स्कूल के छात्र उपस्थित थे।

## नेत्रदान पखवाड़ा: 91 छात्रों की जांच कर सुरक्षा से संबंधित जानकारी दी

**अकलतरा।** राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा कार्यक्रम अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग ने 25 अगस्त से 8 सितंबर तक नेत्रदान पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजित किया है। नगर के कुंवर भुवन भास्कर सिंह बालक पूर्व माध्यमिक शाला में 91 छात्रों के नेत्र का परीक्षण कर नेत्र रोग के संबंध में जानकारी दी गई। नेत्रदान के प्रति जागरूक करने के लिए हुए कार्यक्रम में नेत्र सहायक अधिकारी आरके यादव ने कहा कि देश में करीब 12 लाख के आंखों में रोशनी नहीं है।
प्रदेश में 15 से 20 हज़ार व्यक्ति हैं जिनका अंधापन नेत्र पटल (कॉर्निया) की बीमारी के कारण है। यदि उन्हें कॉर्निया उपलब्ध हो जाए तो उनकी आंखों की रोशनी वापस आ सकती है। प्रतिवर्ष एक लाख कार्निया की जरूरत होती है, यदि मृत्यु के बाद किसी की आंखें दूसरे व्यक्ति की आंखों की रोशनी कर सकती है, तो नेत्रदान करने में क्या बुराई है।



प्रतिदिन हजारों लोगों की मौत देशभर की अस्पतालों में होती है, यदि उनके रिश्तेदार अनुमति दें या उनके मित्र या नजदीकी रिश्तेदार भी साथी को नेत्रदान सहमति होने पर सकते हैं। नेत्रदान वाले व्यक्ति के व्यक्ति की सूचना पास के नेत्र बैंक या जिला चिकित्सालय के प्रमुख को 2 घंटे के अंदर दिया जाना चाहिए। नेत्र बैंक के डॉक्टर दानदाता के घर पहुंचेगा। दानदाताओं को कोई खर्च उठाना नहीं पड़ेगा, नेत्रदानी व्यक्ति की आंखें यदि 8 घंटे के अंदर निकाल कर सुरक्षित रख लिया जाए तो उसका उपयोग हो सकता है।कार्यक्रम में नेत्र सहायक नेत्र अधिकारी प्रीतेश सिंह चंदेल, डीआर भारते, बबीता पाटले, सत्यजीत, शकुंतला सोनी, पुष्पा जायसवाल, प्रियंका चौहान, अर्चना शर्मा, लता निर्मलकर, रजनी पांडेय, संध्या टंडन, आरती गौतम, सुविधा सिंह व अन्य छात्र मौजूद रहे।

## अनमोल वचन......

**कठोर परिश्रम की सीढ़ी चढ़कर ही आप सफलता के शीर्ष पर पहुँच सकते हैं।**

## ध्यान वार्ता एवं कूटनीति के ज़रिए शांतिपूर्ण समाधान

साझा घोषणापत्र में शामिल यह वाक्य अहम है- भारतीय पक्ष ने दोहराया कि ध्यान वार्ता एवं कूटनीति के जरिए शांतिपूर्ण समाधान पर केंद्रित किया जाना चाहिए और इस प्रक्रिया में सभी हितधारकों' को शामिल किया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सात घंटों की यूक्रेन यात्रा के दौरान दो स्पष्टीकरण दिए गए। मोदी ने कहा कि रूस-यूक्रेन युद्ध के मामले में भारत तटस्थ नहीं है, बल्कि वह हमेशा ही शांति के पक्ष में रहा है। इस बात से यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदीमीर जेलेन्स्की ने क्या संकेत ग्रहण किया, यह स्पष्ट नहीं है। दूसरी सफाई विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने जुलाई में मास्को यात्रा के दौरान मोदी के रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से गले लगने के बारे में दी। कहा कि ऐसा करना हमारी संस्कृति का हिस्सा है। आपकी (यूक्रेन की) संस्कृति में ऐसी परंपरा नहीं होगी, लेकिन हमारी संस्कृति में जब दो लोग मिलते हैं, तो गले लगते हैं। कीव में मोदी जेलेन्स्की के भी गले लगे। इस तरह उन्होंने संतुलन बनाने का संदेश दिया। संभवतः यह संदेश जेलेन्स्की से ज्यादा पश्चिमी राजधानियों के लिए है, जहां मोदी की रूस यात्रा पर तीखी प्रतिक्रिया हुई थी। वहां उन तस्वीरों से भी तब पैदा हुआ असंतोष कुछ शांत होगा, जिनमें मोदी उन बच्चों के स्मारक पर श्रद्धांजलि देते देखे गए, जिनकी मौत कथित रूप से रूसी हमलों में हुई है।

शायद यह एकमात्र ऐसा कदम है, जिससे मास्को में कुछ नकारात्मक प्रभाव पैदा हुआ हो। इसलिए कि यह यूक्रेन के इस दावे पर भारत की मुहर के रूप में देखा जाएगा कि रूस ने बच्चों को निशाना बनाया है। रूस ऐसे दावों का खंडन करता रहा है। वैसे जहां तक साझा घोषणापत्र की बात है, उसमें संतुलन बनाए रखा गया। उसमें शामिल यह वाक्य अहम है- भारतीय पक्ष ने दोहराया कि ध्यान वार्ता एवं कूटनीति के जरिए शांतिपूर्ण समाधान पर केंद्रित किया जाना चाहिए और इस प्रक्रिया में सभी हितधारकों' को शामिल किया जाना चाहिए। स्पष्टतः यहां जोर रूस और यूक्रेन के बीच बातचीत से समाधान निकालने पर है। मगर यह अव्यावहारिक फॉर्मूला है। जब तक अमेरिका और नाटो रूस से सीधी बातचीत के लिए तैयार नहीं होते, बात आगे बढ़ने की संभावना कम ही है। फिलहाल तो रूस का रुख और गरम हो गया है। फिलहाल, भारत ने अपने बारे में पश्चिम में बनी गलतफहमियों को दूर करने का ठोस प्रयास किया है।

# मुद्दों को लेकर मतभेद

//मनु श्रीवत्स//

**पूर्ण राज्य का दर्जा समाप्त कर दिए जाने से कश्मीर के साथ-साथ जम्मू के लोगों में भी कहीं न कहीं नाराजग़ी है। जम्मू संभाग की आबादी का एक बड़ा हिस्सा जम्मू-कश्मीर के पुनर्गठन को लेकर बेहद संवेदनशील है और मानता है कि पूर्व डोगरा महाराजा गुलाब सिंह द्वारा बनाए गए जम्मू-कश्मीर के स्वरूप और आकार के साथ छेड़-छाड़ करना ठीक नही था। इसे डोगरा गौरव से भी जोड़ कर देखा जा रहा है। जम्मू-कश्मीर में ऐसा बहुत कम हुआ है जब किसी एक मुद्दे ने पुरे प्रदेश की जनता को किसी एक मुद्दे विशेष से जोड़ा हो और कोई एक मुद्दा या नारा पूरे प्रदेश को एक धागे में बांध सका हो। प्रदेश के दोनों हिस्सों, कश्मीर और जम्मू में हमेशा मुद्दों को लेकर मतभेद रहे हैं । दोनों जगह हमेशा अलग-अलग मुद्दो पर चुनाव लड़े जाते रहे हैं।**

कश्मीर में हमेशा संवेदनशील मुद्दे और नारे उछाले जाने का एक लंबा इतिहास रहा है। उत्तेजना से भरे आज़ादी' जैसे नारे चुनावों में लगाए जाते रहे हैं। ऐसे नारे भावनाएं भड़काने का काम तो करते थे मगर हासिल कुछ नही था। कई बार चुनाव में पाकिस्तान' को भी एक बड़ा मुद्दा बनाए जाने की कोशिश की जाती थी।मगर कश्मीर में इस दफा तमाम भड़काऊ' मुददों व नारों की जगह ऐसे मुद्दे आम लोगों में जगह बना रहे हैं जो नए भी हैं और आम लोगों से जुड़े हुए भी हैं। महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि अभी तक किसी भी राजनीतिक दल की तरफ से नए मुद्दों को ज़ोरदार ढ़ंग से आम जनता के बीच ले जाने की कोशिश नही हुई है, मगर बावजूद इसके नए मुद्दे अपने आप जनता के बीच जगह बना रहे हैं।दूसरी तरफ प्रदेश के जम्मू संभाग में कश्मीर से पूरी तरह से अलग मुद्दों को लेकर चुनाव होते रहे हैं। जम्मू संभाग में राष्ट्रीय मुद्दों का असर अधिक दिखाई देता रहा है। कभी भी ऐसा मौका नही आया जब दोनों हिस्से एक ही सुर में मुद्दों को उठाते नजर आए हों। लेकिन इस बार जब जम्मू-कश्मीर में लंबे समय के बाद विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं तो कुछ मुद्दों पर प्रदेश के दोनों हिस्सों में एक आम सहमति बनती दिख रही है और एक स्वर में दोनों तरफ बात होती दिखाई दे रहे है।

इस समय पूरे प्रदेश में पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल किए जाने की मांग एक बड़ा मुद्दा बन रही है। अगर देखा जाए तो इस वक्त यह पूरे प्रदेश का सबसे ज्वंलत मुद्दा है जिसे लेकर प्रदेश के दोनों हिस्सों में व्यापक सहमति है। यह एक सच्चाई है कि आम लोग अनुच्छेद-370 की समाप्ति को लेकर इतने अधिक नाराज़ भले ही नही हों, लेकिन पूर्ण राज्य का दर्जा समाप्त कर दिए जाने से कश्मीर के साथ-साथ जम्मू के लोगों में भी कहीं न कहीं नाराजग़ी है। जम्मू संभाग की आबादी का एक बड़ा हिस्सा जम्मू-कश्मीर के पुनर्गठन को लेकर बेहद संवेदनशील है और मानता है कि पूर्व डोगरा महाराजा गुलाब सिंह द्वारा बनाए गए जम्मू-कश्मीर के स्वरूप और आकार के साथ छेड़-छाड़ करना ठीक नही था। इसे डोगरा गौरव से भी जोड़ कर देखा जा रहा है।यह एक ऐसा मुद्दा है जिसे लेकर लोग काफी मुखर हैं और शिद्दत के साथ चाहते हैं कि प्रदेश को उसका पूर्ण राज्य का दर्जा वापस मिले। लोगों के रुख को देखते हुए विधानसभा चुनाव में लगभग सभी गैर भाजपा राजनीतिक दल भी इस मुद्दे को लोगों के बीच पूरी ताकत के साथ उठाने जा रहे हैं। पांच अगस्त 2019 को जम्मू-कश्मीर का दर्जा समाप्त करते समय गृहमंत्री अमित शाह ने संसद में कहा था कि जल्द ही जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा जल्द लौटा दिया जाएगा। भारतीय जनता पार्टी भी लगातार कहती आ रही है कि प्रदेश का पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल किया जाएगा। लेकिन कब, इसे लेकर पार्टी के पास कोई सपष्ट जवाब फिलहाल नही है।पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने के साथ-साथ दरबार कूच' (दरबार मूव) का मुद्दा भी एक बड़ा मुद्दा बन रहा है। दरबार कूच' परंपरा के बंद होने से प्रदेश के दोनों हिस्सों में बहुत गुस्सा है। विशेषकर जम्मू में लोगों को इस मुद्दे पर भारी नाराजग़ी है। पूर्व डोगरा शासक महाराजा रणबीर सिंह द्वारा 1872 में शुरू की गई दरबार कूच' की परपंरा को बंद करने से सबसे अधिक असर प्रत्यक्ष रूप से जम्मू के व्यापार जगत पर पड़ा है। आम लोग दरबार कूच' की परंपरा को भी डोगरा स्वाभिमान से जोड़ कर देखते हैं।

यह मुद्दा भारतीय जनता पार्टी के गढ़ माने जाने वाले जम्मू नगर व जम्मू जिले और कुछ हद कर पूरे जम्मू संभाग की अर्थव्यवस्था से बहुत गहरे से जुड़ा हुआ है। जम्मू का कारोबार दरबार कूच' की परंपरा के समाप्त होने से बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। सर्दियों में दरबार कूच' की वजह से जम्मू के बाज़ारों में जो रौनक हुआ करती थी वह अब गायब है। हर साल जो चार से पांच लाख कश्मीरी आबादी जम्मू आती थी वह अब आना बंद हो गई है। दरबार कूच' के अपने फायदे थे। यह एकमात्र ऐसी परंपरा थी जो प्रदेश के दोनों हिस्सों को आपस में जोड़े हुए थी। एक खूबसूरत पुल का काम करती थी यह परंपरा। ध्रवीकरण के माहौल में भी अगर जम्मू के लोग और व्यापारी दरबार कूच' को दोबारा शुरू करने की बात कर रहे हैं तो यह अपने आप में दर्शाता है कि 152 साल पहले शुरू हुई परंपरा की जड़े कितनी मजबूत हैं।केंद्र द्वारा पहाड़ी भाषियों को भाषा के आधार पर अनुसूचित जनजाति का दर्जा दिए जाने से भी एक बड़े वर्ग में नाराजग़ी दिखाई दे रही है। यह नाराजग़ी भी एक बड़े मुद्दे में परिवर्तित हो रही है। जिन पहाड़ी भाषी लोगों को अनुसूचित जनजाति का दर्जा मिला है उनकी ज़्यादातर आबादी जम्मू संभाग के दो जिलों पुंछ व राजौरी तक ही सीमित है। यही दो ऐसे ज़िले हैं यहां पहाड़ी भाषी लोगों की बड़ी आबादी का राजनीति में दखल और असर है। दोनों ज़िलों में पहाड़ी भाषी 50 से 60 प्रतिशत के आसपास हैं। इनमें बहुसंख्यक आबादी मुस्लिम है जबकि कुछ संख्या हिन्दू व सिख समुदाय की भी है। कश्मीर घाटी में सबसे अधिक बारामूला ज़िले में लगभग 15 प्रतिशत के आसपास पहाड़ी भाषी लोग हैं। पूरे प्रदेश में नौ प्रतिशत ही आबादी ऐसी है, जिसे पहाड़ी भाषी माना जाता है ।

दरअसल गुज्जर-बक्करवाल समुदाय को 1991 से अनुसूचित जनजाति का दर्जा मिला हुआ है। इसी को लेकर पहाड़ी भाषी लंबे समय से मांग कर रहे थे कि उन्हें भी अनुसूचित जनजाति का दर्जा दिया जाए। लेकिन गुज्जर-बक्करवाल समुदाय पहाडिय़ों की इस मांग का लगातार विराध कर रहा था। मगर केंद्र की मौजूदा सरकार ने इस विरोध को पूरी तरह से नजऱअंदाज़ करके फरवरी 2024 में पहाडिय़ों को अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने का निर्णय ले लिया। लेकिन अब गुज्जर-बक्करवाल समुदाय के साथ-साथ अन्य इलाकों के लोग व वर्ग भी पहाड़ी भाषियों को विशेष दर्जा दिए जाने को लेकर गुस्से में हैं। बेहद दुर्गम पर्वतीय क्षेत्रों में रहने वाले लोगों का कहना है कि भाषा के आधार पर पहाड़ी भाषियों को अनुसूचित जनजाति का दर्जा देना हर लिहाज़ से गलत है। उनका कहना है कि भौगोलिक परिस्थितियों के आधार पर सरकार को दर्जा देना चाहिएभारतीय जनता पार्टी की मुश्किल यह है कि पहाड़ी भाषियों को अनुसूचित जनजाति का दर्जा दिए जाने से यहां एक तरफ गुज्जर-बक्करवाल समुदाय सहित अन्य कई वर्गों में नाराजग़ी है वहीं उसके कोर वोटर ने भी केंद्र के इस कदम को पसंद नही किया है।। कश्मीर घाटी जम्मू संभाग में भी इस मुद्दे पर लोगों में नाराजग़ी है।

हाल ही में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में पहाड़ी भाषी लोगों को दिए गए अनुसूचित जनजाति के दर्जे का कोई बहुत अधिक लाभ वोट में परिवर्तित होता दिखाई नही दिया। हालांकि भारतीय जनता पार्टी ने अपना की उम्मीदवार इन इलाकों में खड़ा नही किया था मगर अपनी पार्टी' को पार्टी ने अपना समर्थन दिया था। लेकिन पहाड़ी कार्ड नही चल सका।

अनुच्छेद-370 को लेकर भले ही कश्मीर केंद्रित राजनीतिक दल अभी भी आवाज़ उठाते हैं मगर उनका स्वर बहुत धीमा है। वजह यह है कि अनुच्छेद-370 अब कोई मुद्दा नही है। यह कश्मीर के राजनीतिक दलों की एक राजनीतिक मजबूरी मात्र है। नेशनल कांफ्रेंस और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) ने बेशक अपने चुनावी घोषणापत्र में अनुच्छेद-370 और 35-ए जैसे मुद्दों का जिक्र किया है मगर आम लोगों में इन विषयों को लेकर बहुत अधिक चर्चा नही है। राजनीतिक रूप से बेहद सजग रहने वाले कश्मीर के लोग यह बात भलीभांति समझते हैं कि झेलम से बहुत अधिक पानी बह चुका है और अनुच्छेद-370 अब इतिहास के पन्नों में कहीं खो चुका है ।

कश्मीर में ऐसे अनगिनत लोग मिल जाएंगे जो अनुच्छेद-370 पर बात करते समय बिलकुल व्यवहारिक होकर बात करते हैं। इन लोगों का मानना है कि अनुच्छेद-370 में अब रह भी कुछ नही गया था। समय के साथ-साथ अनुच्छेद-370 के अधिकतर प्रावधान खत्म हो चुके थे। इसलिए जब पांच अगस्त 2019 को इसकी समाप्ति की घोषणा हुई तो ऐसा कुछ विशेष बचा नही था जिसके छिन जाने से कोई बहुत बड़ा नुक्सान महसूस होता। अलबत्ता कुछ राजनीतिक दलों के लिए अनुच्छेद-370 का महत्व पांच अगस्त 2019 से पहले भी था और अभी भी बना हुआ है । विशेषकर उन दलों के लिए जिनकी राजनीति अनुच्छेद-370 के इर्द-गिर्द घूमती रही है। इन दलों में कश्मीर केंद्रित राजनीतिक दल भी शामिल हैं और भारतीय जनता पार्टी भी। इन सबके लिए अनुच्छेद-370 पहले भी महत्वपूर्ण था और आज भी महत्व रखता है। इसमें भी कोई संदेह नही कि भविष्य में भी जब कभी राजनीतिक रूप से आवश्यक होगा अनुच्छेद-370 का जिन्न बोतल से बाहर निकाला जाएगा और उसका राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश की जाएगी। लेकिन यह एक सच्चाई है कि गत वर्षों के दौरान जिस तेज़ी से जम्मू-कश्मीर में परिस्थितियां बदली हैं उसने अपने आप नए मुद्दों को जन्म दिया है। अनुच्छेद-370 की जगह अब यही नए मुद्दे आम आदमी के लिए महत्वपूर्ण हो गए हैं।

# देर से न्याय मिलना न मिलने के समान

//विनीत नारायण//

**अजमेर के मामले में 32 साल बाद आए फ़ैसले पर भी हमारी यही प्रतिक्रिया है कि ऐसे फ़ैसलों से समाज में कोई बदलाव नहीं आएगा। क्योंकि जस्टिस डिलेड इज़ जस्टिस डिनाईड' अर्थात् देर से न्याय मिलना न मिलने के समान होता है। इसलिए बात फिर वहीं अटक जाती है। महिलाओं के प्रति पुरुषों की इस पाशविक मानसिकता का क्या इलाज है। ये समस्या आज की नहीं, सदियों पुरानी है। जहां कोलकाता की डॉक्टर के बलात्कार और नृशंस हत्या को लेकर सारे देश में निर्भया कांड की तरह भारी बवाल मच रहा है। वहीं 1992 में अजमेर में बलात्कार कांड का फ़ैसला भी पिछले हफ़्ते आया। इस फ़ैसले में 6 आरोपियों को उम्र क़ैद की सज़ा सुनाई गई। जबकि 5 आरोपी पहले ही सज़ा काट चुके हैं और एक आरोपी ने आत्महत्या कर ली थी।**

अजमेर के एक प्रतिष्ठित महिला कॉलेज की 100 से अधिक छात्राओं को ब्लैकमेल करके उनसे बलात्कार किए गए। जिनकी अश्लील फ़ोटो शहर भर में फैल गई। इस कांड का मास्टर माइंड ज़िला यूथ कांग्रेस का अध्यक्ष फ़ारूक़ चिश्ती था, जिसके साथ यूथ कांग्रेस का उपाध्यक्ष नफ़ीस चिश्ती और संयुक्त सचिव अनवर चिश्ती शामिल थे। इनके अलावा फ़ोटो लैब डेवलपर, पुरुषोत्तम, इक़बाल भाटी, कैलाश सोनी, सलीम चिश्ती, सोहेल गनी, ज़मीर हुसैन, अल्मास महाराज (फ़रार), इशरत अली, परवेज़ अंसारी, मोइज़ुल्ला, नसीम व फ़ोटो कलर लैब का मलिक महेश डोलानी भी शामिल थे।प्रदेश भर में भारी आंदोलन और देश भर में तहलका मचाने वाले इस कांड की जाँच राजस्थान के तत्कालीन मुख्य मंत्री भैरों सिंह शेखावत ने खुफिय़ा विभाग को सौंपी। ये पूरा मामला अजमेर से प्रकाशित नवज्योति' अख़बार के युवा पत्रकार, संतोष गुप्ता की हिम्मत से बाहर आया। चौंकाने वाली बात यह थी कि इस जघन्य कांड में शामिल ज़्यादातर अपराधी ख़्वाजा ग़रीब नवाज़ की मज़ार के ख़ादिम (सेवादार) थे। इनकी हवस का शिकार हुई लड़कियाँ प्रतिष्ठित हिंदू परिवारों से थीं। जिनमें से 6 ने बदनामी के डर से आत्महत्या कर ली। दर्जनों अपनी पहचान छुपा कर जी रही हैं। क्योंकि जो जख़्म इन्हें युवा अवस्था में मिला उसका दर्द ये आजतक भूल नहीं पाई हैं। चूँकि इस कांड में शामिल ज़्यादातर अपराधी मुसलमान हैं और शिकार हुई लड़कियाँ हिंदू, इसलिए इसे मज़हबी अपराध का जामा पहनाया जा सकता है और वो ठीक भी है। पर हमारे देश में हर 16 मिनट में एक बलात्कार होता है। इन सब बलात्कारों में शामिल अपराधी बहुसंख्यक हिंदू समाज से होते हैं। इतना ही नहीं, साधु, पादरी और मौलवी के वेश में, धर्म की आड़ में, अपने शिष्यों या शागिर्दों की बहू-बेटियों से दुष्कर्म करने वालों की संख्या भी ख़ासी बड़ी है। इसे राजनैतिक जामा भी पहनाया जा सकता है क्योंकि इस जघन्य कांड के मास्टर माइंड यूथ कांग्रेस के पदाधिकारी थे। पर क्या ये सही नहीं है कि देश भर में भाजपा व अन्य दलों के भी तमाम नेताओं और कार्यकर्ताओं के नाम लगातार बलात्कार जैसे कांडों में सामने आते रहते हैं। इसलिए महिलाओं के प्रति इस पाशविक मानसिकता को धर्म और राजनीति के चश्मे से हट कर देखने की ज़रूरत है। दुर्भाग्य से जब कभी ऐसी कोई घटना सामने आती है तो हर राजनैतिक दल उसका पूरा लाभ लेने की कोशिश करता है। ताकि जिस दल की सरकार के कार्यकाल में ऐसा हादसा हुआ हो उसे या जिस दल के नेता या उसके परिवार जन ने ऐसा कांड किया हो तो उन्हें घेरा जा सके। जब हमारे देश में हर 16 मिनट पर एक बलात्कार होता है और बच्चियों के साथ भी होता है, उनकी नृशंस हत्या भी होती है, तो क्या वजह है कि बलात्कार की एक घटना पर तो मीडिया और राजनीति में इतना बवाल मचता है और दूसरे हज़ारों इससे बड़े मामलों की बड़ी आसानी से अनदेखी कर दी जाती है, मीडिया द्वारा भी और समाज व राजनेताओं द्वारा भी। तब ये ज़रूरी होता है जब कभी बलात्कार के किसी कांड पर बवंडर मचे तो उसे इस नज़रिए से भी देखना चाहिए। ये बवंडर समस्या के हल के लिए हो रहा है या अपनी राजनैतिक रोटियाँ सेंकने के लिए।अब प्रश्न है कि ऐसे अपराधी को क्या सजा दे जाए। अपराध शास्त्र के विशेषज्ञ ये सिद्ध कर चुके हैं कि किसी अपराधी को मृत्यु दंड जैसी सज़ा सुनाने के बाद भी उसका दूसरों पर कोई असर नहीं पड़ता और इस तरह के अपराध फिर भी लगातार होते रहते हैं। पर दूसरी तरफ़ पश्चिमी एशिया के देशों में शरीयत क़ानूनों को लागू किया जाता है जिसमें चोरी करने वाले के हाथ काट दिए जाते हैं और बलात्कार करने वाले की गर्दन काट दी जाती है। पिछले ही हफ़्ते सोशल मीडिया पर दिल दहलाने वाला एक वीडियो प्रचारित हुआ, जिसमें दिखाया है कि कैसे 6 पाकिस्तानी युवाओं को 16 साल की लड़की से सामूहिक बलात्कार के आरोप में उनकी सरेआम तलवार से गर्दन काट दी गई।हादसे के अगले दिन वहाँ की अदालत ने अपना फ़ैसला सुना दिया। अक्सर इस बात का उदाहरण दिया जाता है कि शरीयत क़ानून में ऐसी सज़ाओं के चलते इन देशों में चोरी और बलात्कार की घटनाएँ नहीं होती। पर ये अर्धसत्य है। क्योंकि अक्सर ऐसी सज़ा पाने वाले अपराधी तो आम लोग होते हैं जो दुनिया के ग़रीब देशों से खाड़ी के देशों में रोजग़ार के लिए आते हैं। जबकि ये तथ्य अब दुनिया से छिपा नहीं है कि खाड़ी के देशों के रईसज़ादे और शेख़ विदेशों से निकाह के नाम पर फुसला कर लाई गई सैंकड़ों लड़कियों का अपने हरम में रात-दिन शारीरिक शोषण करते हैं। फिर उन्हें नौकरानी बना देते हैं। इन सब पर शरीयत का क़ानून क्यों नहीं लागू होता?हमारे भी वेद ग्रंथों में बलात्कारी की सजा सुझाई गयी है। बलात्कारी का लिंग काट दिया जाए। उसके माथे पर एक स्थायी चिह्न बनाकर समाज में छोड़ दिया जाए। जिसे देखते ही कोई भी समझ जाए कि इसने बलात्कार कर किसी की जिंदगी बर्बाद की है। फिर ऐसे व्यक्ति से न कोई रिश्ता रखेगा, न दोस्ती। उसका परिवार भी उसे रखना पसंद नहीं करेगा। कोई नौकरी नहीं मिलेगी। कोई धंधा नहीं कर पायेगा। भीख भी नहीं मिलेगी। कोई डॉन भी हुआ, तो उसकी गैंग उसे छोड़ देगा। क्योंकि कोई गैंग नहीं चाहेगा कि उनकी गैंग किन्नरों की गैंग कहलाये। ऐसे में बलात्कारी या तो खुद ही आत्महत्या कर लेगा या अछूत बनकर जिल्लत भरी जिंदगी जियेगा। उसका यह हाल देख समाज में किसी और की यह अपराध करने की हिम्मत ही नहीं होगी। मगर जेल भेजने या फाँसी देने से अपराध नहीं रुकेगा।

## राशिफल

**मेष राशि :** आज आपका सोचा हुआ काम पूरे होगा। परिवार के लोगों से आपको सहयोग मिलेगा। आपको माता-पिता का आशीर्वाद प्राप्त होगा। आज आप कोई नया काम शुरू करने की योजना बनायेंगे, आगे चलकर इससे आपको फायदा होगा। इस राशि के छात्रों के सफलता का स्तर अन्य लोगों की तुलना में ज्यादा रहेगा।

**वृष राशिः**आज इनकम में बढ़ोतरी के लिये किसी की मदद मिल सकती है। आपको किस्मत का साथ मिलेगा। जीवनसाथी किसी काम के लिये आपकी तारीफ कर सकते हैं, इससे आपका मन खुश रहेगा। शाम को किसी दूर के रिश्तेदार से फ़ोन पर बात हो सकती है। काम को लेकर आपकी कई योजनाएं आज समय से पूरी हो जायेंगी। आपको कोई बड़ी सफलता मिलने का योग बना हुआ है। आज घर के सदस्यों में आपसी सौहार्द बेहतर बनेगा।

**मिथुन राशिः** आज आप अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाने में सफल होंगे। आपकी फिटनेस बनी रहेगी। आप जीवनसाथी की किसी काम में मदद करेंगे। जीवन में आगे बढ़ने के नए रास्ते अपने आप खुलते जायेंगे। कारोबारियों के लिए धन लाभ के योग बने हुए हैं। आपका कोई नया कार्य प्रारंभ करने का मन बनेगा।

**कर्क राशिः** आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आर्थिक उतार-चढ़ाव की स्थितियां देखने को मिलेगी। व्यापार की गति सामान्य बनी रहेगी। आज माता-पिता के साथ रिश्ते और बेहतर होंगे। विद्यार्थियों के लिए दिन अच्छा रहने वाला है। आज किसी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने का मान बनायेंगे। लवमेट आज लंच करने किसी अच्छे रेस्टोरेंट में जायेंगे।

**सिंह राशिः** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। घर में भाई-बहन की मदद से आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। करियर में आपको सफलता मिलेगी। आज आपको अपने काम को टालने से बचना चाहिए। परिवार के सुख-सौभाग्य में बढ़ोतरी होगी। जीवनसाथी के साथ ज्यादा समय बिताने की कोशिश करेंगे।

**कन्या राशिः** आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आर्थिक लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। आपका स्वास्थ्य बेहतर रहेगा। कोई मित्र आपसे सहयोग के लिए कह सकता है। परिवार में सभी सदस्यों के साथ आपसी सामंजस्य बना रहेगा। आप जिस किसी काम को करने का प्रयास करेंगे, उस काम में आपको अच्छी कामयाबी मिलेगी।

**तुला राशिः** आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। माता-पिता का स्वास्थ्य काफी अच्छा रहेगा। पुरानी बातों के झंझट में पड़ने से आज आपको बचना चाहिए। छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा करने से कुछ लोग आपका विरोध कर सकते हैं। प्रभावशाली लोगों से फोन पर बात होने की संभावना है। निवेश के मामले में आपको कोई नई सलाह मिलेगी। परिवारवालों के साथ मिलकर किये गए कामों में आपको बहुत हद तक सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक राशिः** आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज आपको मानसिक उलझनों से मुक्ति मिलेगी, जिससे काफी राहत महसूस करेंगे। परिवारजनों के साथ खुशियों के पल बितायेंगे। दाम्पत्य रिश्ते में मजबूती आयेगी। आज कोई नई बात आपको सीखने को मिलेगी। आज आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर रहेगी।

**धनु राशिः** आज आपका दिन ख़ुशी से भरा रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में आपका मन लगेगा। इस राशि के राजनीति से जुड़े लोगों को सफलता मिलेगी। आज आप घरेलू काम को निपटाने में सफल रहेंगे। सही योजना के तहत अपने करियर में बदलाव लायेंगे। सेहत के मामले में आप खुद को फीट महसूस करेंगे। जीवनसाथी के साथ पारिवारिक जिम्मेदारियों को पूरा करने का प्लान बनायेंगे। लवमेट आज कहीं घूमने जायेंगे।

**मकर राशिः** आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आपके रिश्तों में मिठास बढ़ेगी। आज आप अपना काम समय से पूरा कर लेंगे। अगर कोई नया काम शुरू करना चाहते है, तो फिलहाल कुछ दिनों के लिए रुक जाना अच्छा रहेगा। परिवार के मामले में कोई बड़ा फैसला लेने से पहले सबकी बात आपको जरूर सुनना चाहिए। कुछ चीज़ों में आपको लोगों से उलझने से बचना चाहिए। संतान से आपको सहयोग मिलेगा। दोस्तों के साथ रिश्ते बेहतर होगे।

**कुंभ राशिः** आज आपको कोई अच्छी खबर मिलेगी, जिससे पूरे दिन आपका मन प्रसन्न रहेगा। लंबे समय से चल रहा किसी कोर्ट-कचहरी के मामले को निपटने के लिए किसी ख़ास दोस्त से फ़ोन पर राय लेंगे। आपके मान-सम्मान में बढ़ोतरी होगी। कारोबार में तरक्की के योग बन रहे है। सामाजिक क्षेत्र में आपकी सराहना होगी। आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर होगी। करियर में आगे बढ़ने के नए अवसर सामने आएंगे।

**मीन राशिः** आज आपके व्यक्तित्व में निखार आयेगा। अध्यात्म के प्रति लगाव बढ़ेगा। आज आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। आज ननिहाल पक्ष से खुशखबरी मिलेगी। आप लोगों को अपनी बातें समझाने में सफल होंगे। आज बात करते समय अपनी भाषा पर ध्यान दें, नहीं तो किसी से कहा-सुनी हो सकती है। आपकी दिनचर्या में बदलाव आने से आज कुछ कार्यों को पूरा करने में समय लगेगा।

## तस्वीरों की दुनिया



झारखंड के पूर्व सीएम और पूर्व जेएमएम नेता चंपई सोरेन रांची में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा, झारखंड बीजेपी अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और अन्य नेताओं की मौजूदगी में बीजेपी में शामिल हुए।


भारतीय निशानेबाज अवनि लेखरा फ्रांस के पेरिस में पैरालंपिक गेम्स पेरिस 2024 में महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल एसएच1 स्पर्धा जीतने के बाद अपने स्वर्ण पदक के साथ पोज़ देती हुई।


उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कांगड़ा नागराज मंदिर जागरण समारोह में भाग लिया और टिहरी में स्थानीय लोगों से मुलाकात की।


केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान से तिरुवनंतपुरम में मुलाकात की।


मोरीगांव में पशुओं के लिए चारे से लदी नाव चलाते किसान।


पहलवान विनेश फोगाट ने अमृतसर के स्वर्ण मंदिर में पूजा-अर्चना की।



रांची में विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा कार्यसमिति की बैठक में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा, झारखंड भाजपा प्रभारी लक्ष्मी कांत बाजपेयी, झारखंड भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा।

# ममता बनर्जी के पत्र पर भाजपा का पलटवार कहा- पत्र न लिखें, सवालों के दें जवाब

कोलकाता, 31 अगस्त [एजेंसी]।

दुष्कर्म के लिए सख्त कानून की मांग पर बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की ओर से पीएम मोदी को एक सप्ताह के अंदर दूसरी बार लिखे गए पत्र पर भाजपा ने पलटवार करते हुए कहा है कि वे पत्र न लिखकर सवालों के जवाब दें। वहीं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार महिलाओं के खिलाफ अपराधों पर सख्त रवैया अपना रही है लेकिन बहुत से राज्य इस मामले में ईमानदारी से प्रयास नही कर रहे। ममता बनर्जी ने पीएम मोदी को शुक्रवार को फिर पत्र लिखकर कहा कि केंद्र को दुष्कर्म व हत्या जैसे जघन्य अपराधों के लिए सख्त कानून बनाना और उसमें कठोर सजा का प्रावधान करना चाहिए। निर्दिष्ट समय सीमा में ऐसे मामलों का निपटारा होना चाहिए। ममता ने पत्र में यह भी शिकायत की है कि प्रधानमंत्री की तरफ से अभी तक उन्हें इसका कोई जवाब नहीं मिला है। उन्हें सिर्फ केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री से एक पत्र प्राप्त हुआ है, जिसमें इस मुद्दे को लेकर गंभीरता नहीं झलकती। इसपर पलटवार करते हुए भाजपा के आईटी सेल के प्रमुख व बंगाल के सह-प्रभारी अमित मालवीय ने कहा कि ममता को पत्र लिखना छोड़कर सवालों के जवाब देने चाहिए। उन्हें बताना चाहिए कि उनकी सरकार ने बंगाल में महिलाओं की सुरक्षा के लिए सख्त नियम-कानून लागू क्यों नहीं किए। मालवीय ने ममता को झूठा करार देते हुए कहा कि पीएम मोदी को लिखे गए पत्र के परिप्रेक्ष्य में केंद्रीय बाल महिला विकास मंत्री अन्नापूर्णा देवी की ओर से उन्हें जो पत्र लिखा गया है, उसमें साफ तौर पर कहा गया है कि बंगाल सरकार ने दुष्कर्म व पोक्सो संबंधित मामलों के लिए एक भी त्वरित अदालत का गठन नहीं किया है। मालवीय ने यह भी दावा किया कि बंगाल में पिछले 48 घंटों के दौरान दुष्कर्म व हत्या की कम से कम सात घटनाएं हो चुकी हैं। ज्यादातर मामलों में पीड़िता नाबालिग हैं। प्रधानमंत्री को एक के बाद एक पत्र लिखकर महिला सुरक्षा के सवालों से बचने का प्रयास कर रहीं बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को केंद्रीय महिला बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने एक बार फिर आईना दिखाया है।



अन्नपूर्णा देवी ने महिलाओं के विरुद्ध अपराधों के लिए केंद्रीय कानून में सख्त सजा के प्रविधान करने की मांग कर रही ममता बनर्जी को बताया है कि केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए हाल में लागू हुए नए आपराधिक कानून सख्त हैं और महिलाओं के विरुद्ध अपराधों से निपटने के लिए पर्याप्त हैं। केंद्रीय मंत्री ने बंगाल की मुख्यमंत्री के प्रधानमंत्री को लिखे 29 अगस्त के पत्र का शुक्रवार 30 अगस्त को जवाब देते हुए यह बात कही है।केंद्रीय मंत्री ने महिलाओं के विरुद्ध हिंसा समाप्त करने और महिला सुरक्षा के प्रति केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता जताते हुए ममता बनर्जी से कहा है कि वह आशा करती हैं कि वह इसे समझेंगी और महिलाओं के लिए सुरक्षित और लिंग आधारित समानता का वातावरण तैयार करने के उपाय करेंगी।

## बदलापुर यौन उत्पीड़न मामले में स्कूल के दो ट्रस्टी फरार घोषित, आरोपित अक्षय शिंदे को कोर्ट में किया पेश



मुंबई, 31 अगस्त [एजेंसी]।

महाराष्ट्र के ठाणे जिले के बदलापुर में प्राइवेट स्कूल में दो बच्चियों के यौन उत्पीड़न मामले की जांच कर रहे विशेष जांच दल (एसआईटी) ने स्कूल के दो ट्रस्टियों को फरार घोषित कर दिया। दोनों ट्रस्टियों के खिलाफ लापरवाही का मामला दर्ज करने के बाद अपराध शाखा और साइबर पुलिस की टीम दोनों ट्रस्टियों की तलाश कर रही है। अधिकारियों ने बताया कि दोनों ट्रस्टी जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं। जब पुलिस की टीम दोनों ट्रस्टियों के घर गई तो वे अपने घरों पर नहीं मिले। इससे पहले एसआईटी ने कहा था कि बदलापुर यौन उत्पीड़न मामले में कार्यकारी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में आरोपितों की पहचान परेड कराई जाएगी, जहां पीड़ित आरोपितों की पहचान करेंगी। नाबालिगों के खिलाफ यौन उत्पीड़न की घटना के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) ने स्कूल अधिकारियों के खिलाफ पोक्सो अधिनियम की धारा 19 के प्रविधानों का पालन नहीं करने के लिए प्राथमिकी दर्ज की, जिसके अनुसार नाबालिगों के खिलाफ इस तरह के किसी भी यौन उत्पीड़न के बारे में पता चलने पर कार्रवाई के लिए पुलिस अधिकारियों को इसकी सूचना देना अनिवार्य है।

मिडडे के अनुसार बदलापुर में दो बच्चियों के यौन उत्पीड़न मामले में आरोपित अक्षय शिंदे को कल्याण कोर्ट में पेश किया गया। उसके खिलाफ दर्ज दूसरे मामले में भी उसे कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने आरोपित को न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया। उसे नवी मुंबई की तलोजा जेल भेज दिया गया है।

## श्रीलंका के प्रधानमंत्री ने अजीत डोभाल से मिलकर जताया भारत का आभार

### सुरक्षा सम्मेलन के लिए कोलंबो पहुंचे हैं एनएसए



कोलंबो 31 अगस्त [एजेंसी]।

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने शुक्रवार को श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे से मुलाकात की और द्विपक्षीय आर्थिक सहयोग पर चर्चा की। कोलंबो सुरक्षा सम्मेलन में भाग लेने के लिए डोभाल गुरुवार को कोलंबो पहुंचे।यह सम्मेलन शुक्रवार को आयोजित किया गया। डोभाल ने राष्ट्रपति सचिवालय में विक्रमसिंघे से मुलाकात की। राष्ट्रपति मीडिया डिवीजन ने कहा कि दोनों ने श्रीलंका और भारत के बीच जारी द्विपक्षीय आर्थिक सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया। बैठक में राष्ट्रपति के राष्ट्रपति सुरक्षा सलाहकार सागला रत्नायके भी मौजूद थे। डोभाल ने श्रीलंकाई प्रधानमंत्री दिनेश गुणवारदेना से भी मुलाकात की।

प्रधानमंत्री के साथ एनएसए ने आर्थिक सहयोग को और मजबूत करने की संभावनाओं पर बातचीत की। प्रधानमंत्री ने ऊर्जा क्षेत्र में बड़े पैमाने पर समर्थन के लिए भारत का आभार जताया।कोलंबो सुरक्षा सम्मेलन में भारत, श्रीलंका, मालदीव और मॉरीशस के एनएसए और उप एनएसए शामिल हुए। बांग्लादेश और सेशेल्स ने पर्यवेक्षक के तौर पर भाग लिया। सम्मेलन में समुद्री सुरक्षा, आतंक रोधी अभियान और साइबर सुरक्षा पर चर्चा की गई। बैठक में भारत ने हिंद महासागर में अपनी रणनीतिक चिंताओं को रखा।

## पति का पत्नी के स्त्रीधन पर कोई नियंत्रण नहीं, सुप्रीम कोर्ट ने कहा- सिर्फ संकट में कर सकते हैं उसके पैसे का उपयोग

नईदिल्ली, 31 अगस्त [एजेंसी]।

तीन साल बाद, राव ने हैदराबाद में अपनी बेटी के पूर्व ससुराल वालों के खिलाफ स्त्रीधन वापस करने की मांग करते हुए एफआईआर दर्ज की। पूर्व ससुराल वालों ने एफआईआर को रद्द करने के लिए असफल रूप से तेलंगाना उच्च न्यायालय का रुख किया। फिर उन्होंने हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील की। न्यायमूर्ति जे के माहेश्वरी और न्यायमूर्ति संजय करोल की पीठ ने ससुराल वालों के खिलाफ मामला रद्द कर दिया और कहा कि पिता के पास अपनी बेटी का स्त्रीधन वापस मांगने का कोई अधिकार नहीं है क्योंकि वह पूरी तरह से उसका था।उच्चतम न्यायालय ने एक व्यक्ति को एक महिला को उसके खोए हुए सोने के बदले में 25 लाख रुपये देने का निर्देश देते हुए दोहराया है कि पति का अपनी पत्नी के स्त्रीधन पर कोई नियंत्रण नहीं होता है और वह संकट के समय में इसका इस्तेमाल कर सकता है, लेकिन उसे अपनी पत्नी को लौटाना उसका नैतिक दायित्व है।इस मामले में महिला ने दावा किया कि शादी के समय उसके परिवार ने उसे 89 सोने के सिक्के उपहार में दिए थे। इसके अतिरिक्त, शादी के बाद, उसके पिता ने उसके पति को 2 लाख रुपये का चेक दिया।महिला के अनुसार, शादी की पहली रात को, पति ने उसके सभी आभूषणों की कस्टडी ले ली और सुरक्षा की आड़ में अपनी मां को सौंप दिया। उसने आरोप लगाया कि पति और उसकी मां ने अपनी पहले से मौजूद वित्तीय देनदारियों को पूरा करने के लिए सभी आभूषणों का गबन कर लिया।पूर्व ससुराल वालों ने एफआईआर को रद्द करने के लिए असफल रूप से तेलंगाना उच्च न्यायालय का रुख किया।



फिर उन्होंने हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील की. न्यायमूर्ति जे के माहेश्वरी और न्यायमूर्ति संजय करोल की पीठ ने ससुराल वालों के खिलाफ मामला रद्द कर दिया और कहा कि पिता के पास अपनी बेटी का स्त्रीधन वापस मांगने का कोई अधिकार नहीं है क्योंकि वह पूरी तरह से उसका था। जस्टिस करोल ने फैसला लिखते हुए कहा कि आम तौर पर स्वीकृत नियम, जिसे न्यायिक रूप से मान्यता दी गई है, वह यह है कि महिला संपत्ति पर पूर्ण अधिकार रखती है। इसमें कहा गया है कि आपराधिक कार्यवाही का उद्देश्य गलत काम करने वाले को न्याय के कटघरे में लाना है और यह बदला लेने या उन लोगों के खिलाफ प्रतिशोध लेने का साधन नहीं है, जिनके साथ शिकायतकर्ता की दुश्मनी हो सकती है।

## इस्तीफे से इनकार, छह महीने में शांति का वादा, पीएम मोदी के मणिपुर न जाने पर क्या बोले सीएम बीरेन सिंह



नईदिल्ली, 31 अगस्त [एजेंसी]।

मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने कुकी समूहों द्वारा अलग प्रशासन की मांग को पहली बार स्पष्ट रूप से खारिज कर दिया है। उन्होंने केंद्र की मदद से छह महीने में राज्य में पूर्ण शांति बहाल करने का वादा भी किया। मुख्यमंत्री ने एक साक्षात्कार में पहली बार यह भी बताया कि उन्होंने नगा विधायक और हिल एरिया कमेटी के अध्यक्ष डिंगांगलुंग गंगमेई को कुकी-जो और मैतेयी नेताओं के साथ बातचीत करने के लिए दूत नियुक्त किया है। मई 2023 से कुकी-जो और मैतेयी जातीय समूहों के बीच संघर्ष में 226 लोग मारे गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, हमारे पूर्वजों का 2,000 साल पुराना इतिहास है। इसके लिए कई लोगों ने बलिदान दिया। इस राज्य को तोड़ा नहीं जा सकता। इसका अलग प्रशासन नहीं हो सकता। हालांकि स्वायत्त परिषदों के माध्यम से विकास की रफ्तार तेज करने पर विचार हो सकता है। इसके लिए केंद्र सरकार से विशेष पैकेज देने का अनुरोध करेंगे। बीरेन सिंह ने पद से इस्तीफा देने से इनकार करते हुए कहा कि मैं इस्तीफा क्यों दूं। क्या मैंने देश या राज्य के खिलाफ काम किया है। मैंने राज्य को अवैध प्रवास और अवैध अफीम की खेती से बचाया है। जनता मेरे साथ है। इस्तीफा देने का सवाल ही नहीं है।

पक्षपात के आरोप पर उन्होंने कहा, मैं हर समुदाय का मुख्यमंत्री हूं, चाहे वह मैतेयी हो, कुकी हो या नगा हो। सरकार ने ड्रग्स के खिलाफ युद्ध तेज किया है। म्यांमार से अवैध प्रवासियों का पता लगाने के साथ ही वनों को अतिक्रमण मुक्त कराया जा रहा है, लेकिन ये कदम एक वर्ग को पसंद नहीं आए। उन्होंने कहा कि कुकी-मैतयी संघर्षों को भड़काकर सरकार और राज्य को अस्थिर करने की साजिश रची गई। कुकी पहाड़ी इलाकों में रहने वाली ईसाई जनजातियां हैं, जबकि मैतेयी मैदानी इलाकों और घाटियों में रहने वाले हिंदू हैं। कुकी जनजातियां म्यांमार में भी हैं। बीरेन सिंह मैतेयी हैं।

## शांति नहीं इंतकाम! इजरायल ने साफ किए इरादे, वेस्ट बैंक में 20 साल का सबसे बड़ा हमला, घबराए ब्रिटेन ने कर दी अपील

यरूशलम, 31 अगस्त [एजेंसी]।



इजरायल ने शुक्रवार को वेस्ट बैंक में हमास के कमांडर वसीम हाजेम को मार गिराया। हाजेम को जेनिन शहर में इजरायली सेना की वेस्ट बैंक में तीसरे दिन की कार्रवाई के दौरान मारा गया। हाजेम को जिस कार में मारा गया उसमें हथियार, विस्फोटक और भारी मात्रा में नकदी बरामद हुई है। वेस्ट बैंक में इन दिनों इजरायली सेना की बीते 20 वर्षों की सबसे बड़ी कार्रवाई चल रही है। इस कार्रवाई में शुरुआती दो दिनों में 17 फलस्तीनी मारे गए हैं।

इनमें इस्लामिक जिहाद फोर्स का स्थानीय कमांडर भी शामिल है। फलस्तीनी बहुल वेस्ट बैंक पर इजरायल का अवैध कब्जा है।इस बीच गाजा में दवाओं की खेप ले जा रहे काफिले पर इजरायली सेना के हमले की सूचना है। इजरायल ने कहा है कि काफिले में शामिल वाहन में हथियारबंद लोगों को देखकर कार्रवाई की गई।

ब्रिटिश सरकार ने इजरायल के वेस्ट बैंक में छेड़े सैन्य अभियान पर गंभीर चिंता जताई है।ब्रिटेन ने कहा है कि इससे क्षेत्र में तनाव खतरनाक स्तर पर पहुंच जाएगा, जबकि समय की मांग तनाव कम करने की है। ब्रिटेन ने इजरायल को संयम बरतने और अंतरराष्ट्रीय कानूनों का पालन करने की नसीहत दी है। उल्लेखनीय है कि करीब 11 महीने से जारी गाजा युद्ध के दौरान वेस्ट बैंक में इजरायली कार्रवाई में 660 से ज्यादा फलस्तीनी मारे गए हैं।

## पुलिस भर्ती परीक्षा में अभ्यर्थी की जगह सॉल्वर परीक्षा देते पकड़ा, मुकदमा दर्ज

झांसी, 31 अगस्त [एजेंसी]।

दूसरी पाली में उत्तर प्रदेश सिपाही भर्ती परीक्षा में अभ्यर्थी की जगह परीक्षा देते समय सॉल्वर को केन्द्र अध्यक्ष ने पकड़ लिया। पूछताछ के बाद मौके पर ही उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया। जहाँ पता चला है कि अभ्यर्थी की जगह बैठने के एवज में उसे मोटी रकम मिली थी।आरोपी बिहार के बक्सर का रहना वाला बताया गया है। देर रात सीपरी बाजार थाने में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पूछताछ में आरोपी ने कई राज उगले हैं। देर रात सीपरी पुलिस की पूछताछ चलती रही।थाना सीपरी बाजार क्षेत्र के राजकीय पालीटेक्निक के परीक्षा केन्द्र में अविनाश को परीक्षा देनी थी, लेकिन, उसके स्थान पर बिहार के जिला बक्सर निवासी धर्मेन्द्र सिंह पुत्र सुरेन्द्र सिंह परीक्षा दे रहा था।परीक्षा देते समय केन्द्र प्रभारी को शक हुआ। केन्द्र प्रभारी के पूछताछ करने के बाद पुलिस बुलाकर उसे सुपुर्द कर दिया।

## हिमाचल में बारिश का कहर, दो महीनों में 150 लोगों की मौत, 1265 करोड़ का नुकसान और 40 सड़कें बंद

शिमला, 31 अगस्त [एजेंसी]।

हिमाचल प्रदेश में बारिश और भूस्खलन का दौर जारी है। इस मानसून सीजन में अब तक 150 लोगों की मौत हो गई है। वहीं मौजूदा समय में 40 सड़कें यातायात के लिए बंद हैं।राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के अनुसार, 27 जून को मानसून की शुरुआत के बाद से अब तक बारिश से संबंधित घटनाओं में कुल 150 लोगों की मौत हो चुकी है। बारिश के कारण हुई तबाही के कारण राज्य को 1,265 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। वहीं प्रदेश में 40 सड़कें बंद हैं।जानकारी के अनुसार बारिश और भूस्खलन की घटनाओं से 40 सड़कें बंद हैं। मंडी में 12, कांगड़ा में दस, कुल्लू में नौ, शिमला में पांच और ऊना, सिरमौर, चंबा और लाहौल और स्पीति में एक-एक वाहनों के आवागमन के लिए बंद हैं, जबकि राज्य में पांच बिजली और 19 जलापूर्ति योजनाएं प्रभावित हैं।



स्थानीय मौसम विभाग ने शनिवार तक मंडी, शिमला और सिरमौर के कुछ हिस्सों में हल्की बाढ़ की चेतावनी दी है और 2 सितंबर को भारी बारिश, आंधी और बिजली गिरने की भविष्यवाणी करते हुए येलो अलर्ट जारी किया है। गुरुवार शाम से 24 घंटों में राज्य के कई स्थानों पर मध्यम बारिश हुई है।सबसे अधिक वर्षा नैना देवी में हुई, जहां 66.8 मिमी बारिश हुई। सुंदरनगर में 47.1 मिमी, जुब्बड़हट्टी में 22.8 मिमी, भरारी में 16.2 मिमी, शिमला में 16 मिमी, बिलासपुर में 15.8 मिमी, मनाली में 15 मिमी, ऊना में 13 मिमी, धर्मशाला में 12 मिमी और कांगड़ा में 10.4 मिमी बारिश दर्ज की गई।हिमाचल में अब तक बारिश में 23 प्रतिशत की कमी आई है। औसत 608.7 मिमी के मुकाबले 467.9 मिमी। गुरुवार को लाहौल और स्पीति का कुकुमसेरी राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां न्यूनतम तापमान 9.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि बिलासपुर 33.9 डिग्री के साथ सबसे गर्म स्थान रहा।

## आठ महीने तक अंतरिक्ष में रहेंगी सुनीता विलियम्स दिला रहीं कल्पना चावला की याद, नासा की बढ़ी चिंता

नईदिल्ली, 31 अगस्त [एजेंसी]।

भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स अपने साथी बुश विल्मोर के साथ अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर फंसी हैं। उनको अंतरिक्ष में दो महीने से ज्यादा बीत गया है। वहीं, अब नासा ने उनको वापस लाने के लिए 2025 की फरवरी का समय तय किया है। इसी के साथ वह अंतरिक्ष में आठ महीने रहेंगी। इस बीच सुनीता विलियम्स ने एक और भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री रहीं, कल्पना चावला की याद दिला दी है। कल्पना चावला एक भारतीय-अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री और इंजीनियर थीं, जिन्होंने अंतरिक्ष की यात्रा करने वाली भारतीय मूल की पहली महिला बनकर इतिहास रचा दिया था। उन्होंने दो अंतरिक्ष शटल मिशनों पर उड़ान भरी पहली 1997 में एसटीएस-87 और दूसरी 2003 में एसटीएस-107।दुख की बात है कि कल्पना चावला का जीवन तब समाप्त हो गया जब एक फरवरी, 2003 को अंतरिक्ष शटल कोलंबिया पुनः प्रवेश के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे उनकी और चालक दल के छह अन्य सदस्यों की मृत्यु हो गई। कोलंबिया दुर्घटना से पहले, 28 जनवरी, 1986 को अंतरिक्ष यान चैलेंजर में विस्फोट हो गया था और सभी चालक दल मारे गए थे। कुल मिलाकर, इन दुर्घटनाओं में 14 अंतरिक्ष यात्रियों की जान चली गई है। कल्पना चावला की मृत्यु ने नासा को गहरा घाव दिया है। नेल्सन ने कहा कि अंतरिक्ष उड़ान अपने सबसे सुरक्षित और सबसे नियमित होने पर भी जोखिम भरी है।



एक परीक्षण उड़ान, स्वभाव से, न तो सुरक्षित है और न ही नियमित। बुच और सुनीता को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर रखने और बोइंग के स्टारलाइनर को चालक दल के बिना घर लाने का निर्णय सुरक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का परिणाम है। कल्पना चावला की दक्षिणी अमेरिका के आसमान में उस समय मृत्यु हो गई जब निर्धारित लैंडिंग से 16 मिनट पहले अंतरिक्ष यान कोलंबिया और उसका दल पुनः प्रवेश के दौरान टूट गए। वह 1976 में कल्पना की प्रारंभिक पढ़ाई हरियाणा के करनाव के टैगोर बाल निकेतन में हुई। कल्पना जब आठवीं कक्षा में पहुचीं तो उन्होंने इंजीनियर बनने की इच्छा प्रकट की और 1982 में पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज से एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग में बीएससी की डिग्री हासिल की।

अमेरिका में आगे की शिक्षा पूरी करने के बाद वह 1994 में एक अंतरिक्ष यात्री के रूप में नासा में शामिल हुई। कल्पना जी मार्च 1995 में नासा के अंतरिक्ष यात्री कोर में शामिल हुईं और वे 1997 में अपनी पहली उड़ान के लिए चुनी गयीं थी।स्पेसएक्स अंतरिक्ष यात्रियों को वापस ला सकता है, लेकिन इसके लिए उन्हें फरवरी तक वहीं रखा जाएगा। अगर नासा यह निर्णय लेता है कि स्पेसएक्स से दोनों की वापसी होगी तो स्टारलाइनर सितंबर में खाली पृथ्वी पर लौट आएगा। इंजीनियर पांच खराब थ्रस्टरों में से चार को आनलाइन ठीक करने में सक्षम हो गए थे, लेकिन यह अब भी पृथ्वी पर सफलतापूर्वक लौट पाएगा या नहीं इसे लेकर चिंता है।

## जस्टिस हिमा की विदाई पर भावुक हुए CJI महिलाओं के अधिकारों को लेकर जमकर की तारीफ

नईदिल्ली, 31 अगस्त [एजेंसी]।

चीफ जस्टिस डीवाइ चंद्रचूड़ ने सेवानिवृत्त हो रही वरिष्ठ महिला जज की प्रशंसा करते हुए कहा कि जस्टिस हिमा कोहली महिलाओं के अधिकार की हिमायती रही हैं और हमेशा इसके लिए वह सजग रही हैं। जस्टिस हिमा कोहली एक सितंबर को रिटायर हो रही हैं और उनके कार्यकाल का आखिरी कार्य दिवस था और इस मौके पर वह चीफ जस्टिस के साथ बेंच में बैठीं। जस्टिस हिमा कोहली शुक्रवार को चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ के साथ बेंच में बैठी थी। अपने कार्यकाल के आखिरी कार्य दिवस पर जस्टिस परंपरात तौर पर चीफ जस्टिस के साथ बेंच में बैठते हैं। जस्टिस कोहली वरिष्ठता के आधार पर सुप्रीम कोर्ट में नौवें क्रम में थीं। दिल्ली में 2 सितंबर, 1959 को जन्मी जस्टिस कोहली ने नई दिल्ली के सेंट थामस से स्कूली शिक्षा और सेंट स्टीफन कालेज से इतिहास में स्नातक किया था। उन्होंने परास्नातक इतिहास से किया और 1984 में दिल्ली यूनिवर्सिटी से एलएलबी किया। जस्टिस हिमा कोहली की सेवानिवृत्ति के बाद सर्वोच्च अदालत में केवल दो महिला जज जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस बेला एम.त्रिवेदी बचेंगी। वह दिल्ली हाईकोर्ट से एनडीएमसी की लीगल एडवाइजर वर्ष 1999 से 2004 तक रही थीं।चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ ने बेंच में साथ में बैठी जस्टिस हिमा कोहली के बारे में कहा कि यह उनके लिए अत्यंत खुशी का पल है कि वह बेंच शेयर कर रही हैं।

# महिला मोर्चा के तीज उत्सव में मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा-जिले के लिए होगा काम

## पारंपरिक नृत्य संगीत और विभिन्न कार्यक्रम के साथ पर्व की खुशियां मनायी गई





**बैकुंठपुर कोरिया।** छत्तीसगढ़ की महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े जो भटगांव विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं जिनके मंत्री बनने के बाद कोरिया का पहला दौरा कार्यक्रम आयोजित रहा। जिसमे मुख्य से कार्यकर्ता परिचय सम्मेलन के साथ तीज महोत्सव का कार्यक्रम आयोजित रहा। संभाग क्षेत्र अंतर्गत मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के प्रथम कोरिया आगमन पर शहर वासियों सहित भाजपा कार्यकर्ताओं और महिला मोर्चा द्वारा जोरदार स्वागत अभिनंदन किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन जिला मुख्यालय स्थित मानस भवन में किया गया। मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के कोरिया आगमन पर महिला मोर्चा द्वारा मंच पर माननीय मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े का महामाला से स्वागत किया गया तथा पारंपरिक नृत्य और संगीत का आयोजन कर आगामी तीज व्रत त्यौहार के उपलक्ष्य के रूप में मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के साथ मिलकर तीज महोत्सव मनाया गया। महोत्सव में मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े शामिल रहीं साथ ही उन्होंने भाजपा महिला मोर्चा की बहनों को तीज त्यौहार की अग्रिम बधाई और शुभकामनाएं देते हुए सभी बहनों का आभार व्यक्त किया । कार्यक्रम के दौरान भाजपा का कार्यकर्ता परिचय सम्मेलन भी आयोजित रहा जिसके माध्यम से कोरिया जिले के भाजपा कार्यकर्ता , महिला मोर्चा के कार्यकर्ता और उपस्थित शहरियों से महिला बाल विकास मंत्री मुखातिब हुईं। कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा कोरिया जिला अध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल द्वारा मुख्य अतिथि मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े व पूर्व संसदीय सचिव चंपा देवी पावले सहित महिला मोर्चा की बहनों को तीज व्रत त्यौहार की अग्रिम शुभकामनाएं दी गई। मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े का स्वागत वंदन पटना मंडल द्वारा आदर्श चौक पटना में किया गया जिसमे मुख्य रूप से जिला महामंत्री विनोद साहू , जिला पंचायत सदस्य सुनीता कुर्रे , पटना मंडल अध्यक्ष कपिल जायसवाल व भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। भाजपा युवा मोर्चा द्वारा मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े का स्वागत वंदन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शामिल मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े , पूर्व संसदीय सचिव चंपा देवी पावले , महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष धर्मवती राजवाड़े, भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल, जिला महामंत्री पंकज गुप्ता , जिला उपाध्यक्ष शैलेश शिवहरे , जिला पंचायत सदस्य वंदना राजवाड़े , नपा अध्यक्ष नविता शिवहरे सहित युवा मोर्चा , महिला मोर्चा के कार्यकर्ता और आमजन शामिल रहे।

### भाजयुमो जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े कोरिया जिले के दौरे पर उनका आगमन हुआ इसी क्रम में भारतीय जनता युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष कोरिया हितेश सिंह ने युवा मोर्चा के साथियों के साथ मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े का किया स्वागत ढोल नगाड़े पड़ाको के साथ गर्म जोशी उत्साह के साथ युवाओं और बहनों ने किया स्वागत हितेश ने जानकारी देते हुए बताया कि हमारे कोरिया जिले की बेटी कैबिनेट मंत्री बनी है कोरिया जिले के लोगों के लिए अत्यंत हर्ष की बात है हम सभी लोगो उनके उज्वल भविष्य की कामना करते है हितेश और उनके युवा साथियों ने भगवान श्री राम की छायाचित्र को सप्रेम भेट स्वरूप देते हुए उनके लिए भगवान श्री राम से आशीर्वाद मांगा इस कार्यक्रम में युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सतेंद्र राजवाड़े,पूर्व महामंत्री भाजयुमो शारदा गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष भाजयुमो उमा शंकर बंटी,भाजयुमो जिले के सुजय जैन,मयंक साहू,रौशन राजवाड़े,रौशन विश्वकर्मा,तीरथ रजवाड़े, प्रदीप राजवाड़े,मूल चंद कुर्रे,मंडल अध्यक्ष भाजयुमो मनोज यादव,अल्प संख्यक मोर्चा जिला महामंत्री असरफ,मंडल अध्यक्ष भाजयुमो श्री राम,मंडल महामंत्री भाजयुमो संतोष साहू,मनोज सोनवानी भाजयुमो सदस्य राजा साहू,जय चक्र धारी,अजय कुर्रे अन्य युवा मोर्चा के साथी उपस्थित रहे।

---

अब घरों में लगना शुरू हुआ स्मार्ट मीटर

## बिजली के लिए भी करना होगा मोबाइल की तरह रिचार्ज



**कोरिया बैकुंठपुर।** केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण के द्वारा सभी राज्यों में स्मार्ट डीजिटल मीटर लगाने की योजना को मूर्तरूप देते हुए उपभोक्ताओं के इलेक्ट्रानिक मीटर को बदलकर स्मार्ट मीटर लगाने की शुरूआत प्रदेश के साथ जिले में भी हो गई है। जिसमें स्मार्ट मीटर के पहले दो महीने तक इसका संचालन पोस्टपैड रहेगा और उसके पश्चात मीटर प्रिपेड कर दिया जायेगा। जिले के सीएसपीडीसीएल के अधिकारियों ने बताया कि इसके क्रियान्वयन से विद्युत उपभोक्ताओं की सेवाओं में वृद्धि होगी तथा सटीक व सही रीडिंग के साथ मोबाईल पर बिजली खपत की पूरी जानकारी मिल सकेगी। इसमें बिजली रिचार्ज व बैलेंस की जानकारी मोबाईल पर ही देखा जा सकेगा। अधिकारियों ने बताया कि स्मार्ट प्रिपेड मीटर की मोबाईल के बैलेंस की तरह ही रिचार्ज करना होगा। उपभोक्ता जरूरत के हिसाब से रिचार्ज कर उतनी ही राशि के बिजली का इस्तेमाल कर पायेगा। इस मीटर को नि:शुल्क लगाया जा रहा है तथा बैलेंस खत्म होने से पहले ही उपभोक्ताओं को मैसेज के जरिए सूचित कर दिया जायेगा। जिले के घरों में बिजली के नए स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य शुरू हो गया है।

## दावा आपत्ति 5 सितम्बर तक

**कोरिया।** पंचायत पटना क्षेत्र को 15 वार्डों में विभाजित करते हुए प्रत्येक वार्ड की सीमा निर्धारण संबंधी प्रस्ताव तैयार किया गया है। संबंधी प्रस्ताव के संबंध में कोई आपत्ति या सुझाव प्रस्तुत करना चाहते हैं तो 5 सितम्बर तक लिखित रूप से तहसीलदार पटना को प्रस्तुत कर सकते है। अधिक जानकारी के लिए पटना नगर पंचायत कार्यालय में कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर प्रत्येक वार्ड की सीमा निर्धारण संबंधी प्रस्ताव का अवलोकन कर सकते है।

## जिले में दिया जा रहा नि:शुल्क प्रशिक्षण

**कोरिया।** भारतीय थल सेना अग्निवीर भर्ती हेतु माह अप्रैल में सेना भर्ती कार्यालय द्वारा लिखित परीक्षा आयोजित की गई थी। जिसका परिणाम घोषित किया जा चुका है। लिखित परीक्षा में सफल अभ्यार्थियों के लिए 16 अगस्त से बढ़ाकर 10 सितम्बर तक कर दिया गया है। शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण अंतर्गत अभ्यार्थियों को 1.6 किमी दौड, बीम, पुल अफ, 9 फीट गड़ढा कुदना एवं बैलेंसिंग बीम में चलना इत्यादि प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण हेतु इच्छुक अभ्यार्थी अपना आवेदन 10 सितम्बर तक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र कोरिया (कलेक्ट्रेट परिसर के कक्ष क्रमांक 62) में जमा कर सकते है।

---

# वशिष्ठ ओझा ने लिया नपा सीएमओ का पदभार





**चरचा कालरी।** नगर पालिका कार्यालय में आयोजित विदाई एवं स्वागत समारोह में पूर्व नगर पालिका अधिकारी नेतराम रत्नेश को विदाई दी गई वही नए सीएमओ वशिष्ठ कुमार ओझा ने पदभार ग्रहण किया कार्यक्रम में उपस्थित राजेश सिंह उपाध्यक्ष नगर पालिका शिवपुर चर्चा ने अपने संबोधन में कहा कि नगर पालिका शिवपुर चर्चा क्षेत्र के विकास हेतु नेतराम रत्नेश जी का सहयोग मिला ,चर्चा क्षेत्र की जनता की उन्होंने काफी सेवा की आज कार्यक्रम में उपस्थित नए मुख्य नगर पालिका अधिकारी वशिष्ठ कुमार ओझा जी का नगर पालिका शिवपुर चर्चा में स्वागत है अपेक्षा है कि चर्चा के समुचित विकास हेतु निष्पक्ष भाव से कार्य करेंगे पालिका के समस्त कर्मचारी पूरे मनोभाव से कार्य कर रहे हैं उन्हें साथ लेकर और भी बेहतर कार्य किए जाएंगे पालिका क्षेत्र के लंबित समस्त निर्माण कार्यों को गति मिलेगी नगर पालिका शिवपुर चर्चा को प्रदेश की उन्नत नगर पालिका बनाने एवं सहयोग हेतु हम सभी तत्पर हैं कार्यक्रम में कुमोद मिश्रा पार्षद ,आलोक चक्रधारी उप अभियंता , शुभेंदु श्रीवास्तव उप अभियंता ,शशि भूषण श्रीवास्तव ,महेंद्र पाल ,आर.के .सिंह ,पुरुषोत्तम विश्वकर्मा , राज किशोर सिंह, मन्नू नायडू ,सत्यनारायण ,ज्वाला प्रसाद ,श्रीमती सूची पांडे , कलावती राजवाड़े सिद्दीक मिस्त्री सहित नगर पालिका के कर्मचारी उपस्थित थे।

नगर पालिका शिवपुर चर्चा क्षेत्र में लगभग 2 करोड रुपए की की लागत के कई निर्माण कार्य वर्षों से लंबित है जो अभी तक अधूरे पड़े हैं द्व पालिका क्षेत्र में पार्क निर्माण, बोरिंग , पाथवे निर्माण सहित कई ऐसे निर्माण कार्य भी हैं जिनका आज तक टेंडर नहीं हुआ और कार्य संपन्न कर दिया गया है इस तरह के विवादास्पद निर्माण कार्यों का भुगतान भी अपने आप में सोचनीय है धार्मिक आस्था को प्रभावित करने वाले मंदिर के समीप खुले में बिक रहे मीट मटन की दुकानों का व्यवस्थापन जैसे बेहद संवेदनशील और गंभीर समस्याओं का निदान अपने आप में मिल का पत्थर साबित हो सकता है देखना यह है कि देखना यह है कि नए मुख्य नगर पालिका अधिकारी की कार्यशैली से चर्चा का विकास किस हद तक जाता है। नगर पालिका शिवपुर चर्चा के इतिहास में अगस्त 2024 का महीना बेहद यादगार साबित हो रहा है 22 अगस्त को नगर पालिका शिवपुर चर्चा के मुख्य नगर पालिका अधिकारी का स्थानांतरण छोटे से नगर पंचायत में हो जाता है वही इसके दूसरे दिन 23 अगस्त को नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती लाल मुनि यादव को पार्षदों के द्वारा अविश्वास प्रस्ताव के माध्यम से हटाया जाता है इस तरह लगातार दो दिनों में क्रमश: नगर पालिका अधिकारी और पालिका अध्यक्ष को हटाना भी एक संजोग ही कहा जा सकता है।

30 अगस्त को नगर पालिका अधिकारी के रूप में वशिष्ठ कुमार ओझा पदभार लेते हैं वशिष्ठ कुमार ओझा को नगर पंचायत से पदोन्नति कर नगर पालिका में लाया गया है अर्थात एक सीएमओ को नगर पालिका से नगर पंचायत में वही दूसरे सीएमओ को नगर पंचायत से नगर पालिका में लाया जाना भी अद्भुत है।

---

# सेवानिवृत जनपद सीईओ अनिल अग्निहोत्री को दी गई भावभीनी विदाई

**जनकपुर।** एमसीबी जिला अंतर्गत जनपद पंचायत भरतपुर के सेवानिवृत सीईओ अनिल कुमार अग्निहोत्री का विदाई समारोह कार्यक्रम जनपद सभाकक्ष में रखा गया। जिसमें जनपद अध्यक्ष श्रीमती राजकुमारी बैगा एवं उपाध्यक्ष दुर्गाशंकर मिश्र सहित करारोपड़ अधिकारी श्रीनिवास तिवारी, आरईएस विभाग के एसडीओ, मनरेगा पीओ, तकनीकी सहायक, ग्राम पंचायत सचिव, ग्रामीण रोजगार सहायक, सरपंच, स्थानीय व्यपारी एवं जनपद के कर्मचारी उपस्थित थे।

इस मौके पर सभी के द्वारा सेवानिवृत सीईओ अनिल अग्निहोत्री को पुष्प गुच्छ और माला पहनाकर सम्मान किया गया वहीं पूरे कार्यक्रम में मंच का संचालन शिव तिवारी ने किया। इसके पश्चात उपस्थित लोगों ने सेवानिवृत सीईओ अनिल कुमार अग्निहोत्री के कार्यकाल को अविस्मरणीय बताया। वहीं इस दौरान श्री अग्निहोत्री ने कहा कि भरतपुर जनपद पंचायत में मेरा संक्षिप्त कार्यकाल रहा लेकिन मुझे सभी विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों एवं जन प्रतिनिधियों का पूरा सहयोग मिला, जिससे शासन की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन और शासकीय कार्यों को अपनी पूरी क्षमता से कार्य कर सका हूँ।

इसके लिए मैं सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं जन प्रतिनिधियों को धन्यवाद देता हूं। इस अवसर पर सचिव संघ एवं रोजगार सहायक संघ तथा व्यापारी संघ ने शाल श्रीफल और सोने की अंगूठी से सम्मान किए। अंत में उपस्थित जनो ने नम आँखों से श्री अग्निहोत्री को सेवानिवृत होने पर भावभीनी विदाई दिए।



---

## जन्म प्रमाण-पत्र बनने से परिवार में आई खुशियां

**कोरिया।** विगत एक बरस से अपने बच्चों के जन्म प्रमाण-पत्र बनाने के लिए पोड़ी (बचरा) तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम गोविंदपुर के विशेष पिछड़ी बैगा जनजाति के परिवारों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा था लेकिन प्रदेश के मुखिया श्री विष्णुदेव साय के सुशासन वाली सरकार के मंशानुरूप जिले के कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी के विशेष पहल से इन परिवारों को इस परेशानियों से छुटकारा मिल गई है। पोड़ी (बचरा) तहसीलदार श्री ओपी सिंह ने जानकारी दी कि ग्राम गोविंदपुर निवासी श्री अशोक कुमार की पुत्री नीरज कुमारी, श्री दुलार साय की बेटियां कुमारी संगीता व कविता, श्री बृजलाल के बिटिया सगुन, बुधियारो, श्री जगसाय की बेटी रीना एवं शंकर लाल बैगा के पुत्र प्रशंसा कुमार का जन्म प्रमाणपत्र तत्काल बनाकर दिया गया। इसी तरह जिला कलेक्टरेट कार्यालय में लगने वाले जन चौपाल कार्यक्रम में बैकुंठपुर विकासखंड के ग्राम आमगांव निवासी श्रीमती चंदा बाई ने अपने पुत्र श्री लक्ष्मण यादव के जन्म प्रमाण पत्र बनने में आ रही परेशानियों का जिक्र कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी के समक्ष दर्ज कराई। आवेदन को पढ़ते ही तत्काल जन्म प्रमाणपत्र बनाने के निर्देश सम्बंधित अधिकारी को दिए और उसी दिन बैकुंठपुर के तहसीलदार श्रीमती डॉ. अमृता सिंह ने जन्म प्रमाण-पत्र बनाने के आदेश जारी की और अब लक्ष्मण यादव का जन्म प्रमाण-पत्र बन गया। जन्म प्रमाण पत्र बनने से बैगा परिवार में खुशियां देखने को भी मिली है।

### हाइवा की टक्कर से एक्टिवा सवार बुजुर्ग की मौत

**रायपुर।** महतारी चौक गुढ़ियारी के पास हाइवा की टक्कर से एक्टिवा सवार बुजुर्ग की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने हाइवा चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक साजन दास बंजारी 79 वर्ष श्यामनगरर तेलीबांधा का रहने वाला था। बताया जाता है कि वह अपनी एक्टिवा से कहीं जा रहा था, तभी महतारी चौक गुढ़ियारी के पास हाइवा क्रमांक सीजी 04 एल 1781 के चालकने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए एक्टिवा को टक्कर मार दिया। जिससे साजन दास की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने हाइवा चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

---

# जनमानस को जागरूकता करने 1 से 8 सितम्बर तक साक्षरता सप्ताह का आयोजन

**कोरिया।** कलेक्टर एवं अध्यक्ष कार्यकारिणी जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशानुसार राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 द्वारा अनुषंसित समाज में सभी के लिए षिक्षा पर केन्द्र प्रायोजित योजना उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम लागु किया जा रहा है। इस योजना के पांच घटक बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मकता, महत्वपूर्ण जीवन कौषल, बुनियादी षिक्षा, व्यवसायिक कौषल, सतत षिक्षा है। उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के प्रति जनमानस का ध्यान करने व सभी वर्गो के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए 1 से 8 सितम्बर 2024 तक देषव्यापी साक्षरता सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन जिला, विकासखण्ड, नगरीय क्षेत्रों तथा ग्राम पंचायतो के साथ-साथ शासकीय, अनुदान प्राप्त एवं निजी शैक्षणिक संस्थाओं में किया जाएगा। साक्षरता सप्ताह के अंतर्गत 01 सितम्बर को उल्लास पर सेमीनार/सम्मेलन, 02 सितम्बर को उल्लास पर केन्द्रित प्रतियोगिता, 03 सितम्बर को उल्लास पंचायती राज संस्थाए एवं नगरीय निकाय स्तरीय सम्मेलन, 04 सितम्बर को उल्लास महिला साक्षरता पर केन्द्रिय कार्यक्रम, 05 सितम्बर को उल्लास नव भारत साक्षरता पर केन्द्रिय थीम पर भाषण व निबंध प्रतियोगिता, 06 सितम्बर को उल्लास पर केन्द्रिय नवाचारी गतिविधि का प्रदर्षन, 07 सितम्बर को शैक्षणिक संस्थाओं में उल्लास साक्षरता रैली एवं 08 सितम्बर को अंतराष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय में कलेक्टर एवं अध्यक्ष कार्यकारिणी जिला साक्षरता मिषन प्रधिकरण के संयोजन में जनप्रतिनिधियों एवं सभी वर्गो की उपस्थिति में विभिन्न कार्यक्रमो का आयोजन किया जाएगा।

## हिट एण्ड रन प्रकरण पर हुई बैठक, ऐसे मामलों में कई बिन्दुओं पर किया गया मंथन

**कोरिया।** छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री मोहम्मद रिजवान खान की अध्यक्षता में बैकुण्ठपुर में हिट एण्ड रन के प्रकरणों में मुआवजा दिलाए जाने के संबंध में मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक हुई। उक्त बैठक में हिट एण्ड रन के प्रकरण में आहत, मृतक के वारिसानो के मुआवजा दिलाए जाने हेतु कोरिया एवं मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों एवं सचिव न्यायाधीश के साथ बैठक की गई। बता दें माननीय उच्चतम न्यायालय के द्वारा रिट पिटीशन (सी) क्रमांक 295/2912 एस राजसीकरण विरूद्ध यूनियन ऑफ इंडिया में पारित आदेश के परिपालन में बैठक किया गया। मुआवजा योजना हिट एंड रन के तहत यदि किसी व्यक्ति को अज्ञात वाहन से दुर्घटना होते हैं और एक माह तक दुर्घटना करने वाले वाहन की पहचान नहीं हो पाता है, तब ऐसी सिथति में पुलिस का दायित्व है कि वह एफआईआर की प्रति सहित सूचना, क्लेम जांच अधिकारी को आहत या मृत व्यक्ति के परिवार वालों को मुआवजा दिलाने के लिए प्रेषित करेग। पुलिस के सूचना पर क्लेम की जांच डिप्टी कलेक्टर द्वारा आगे की कार्यवाही करते हुए पीड़ित परिजन को मुआवजा प्रदान करेगा। साथ ही हिट एण्ड रन मॉनिटरिंग कमेटी के संयोजक एवं सदस्य यह निगरानी करेंगे कि हिट एण्ड रन के प्रकरण में योजना के अनुसार आहत अथवा मृतक के परिवार को मुआवजा प्राप्त हो।

### कपड़ा दुकान से हजारों रुपए का सामान पार

**रायपुर।** नवापारा स्थित दुकान के शटर का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने हजारों रुपए के कपड़े पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर गोबरानवापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। प्रार्थी अजहर खान 42 वर्ष नवापारा रायपुर का रहने वाला है। प्रार्थी नवापारा में कपड़ा दुकान चलाता है। बबताया जाता है कि अज्ञात चोर ने प्रार्थी के दुकान के शटर का ताला तोड़कर 52 नग जिंस व अन्य कपड़ा पार कर दिया।

---

## राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन 1 से 30 सितम्बर तक

**कोरिया।** जनसमुदाय तक स्वास्थ्य पोषण एवं स्वच्छता संबंधित व्यापक प्रचार प्रसार एवं प्रभावी व्यवहार परिवर्तन हेतु जनआंदोलन के रूप में प्रतिवर्ष के भांति इस वर्ष भी ''राष्ट्रीय पोषण माह'' का अयोजन 01 से 30 सितम्बर 2024 तक किया जाना है। राज्य द्वारा राष्ट्रीय पोषण माह 2024 के दौरान मुख्य रूप से एनीमिया, वृद्धि निगरानी, पूरक आहार, पोषण भी पढ़ाई भी, बेहतर प्रशासन, पारदर्शिता और कुशल सेवा वितरण के लिए प्रौद्योगिकी, समग्र पोषण के थीम पर विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की जानी है।

कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने पोषण माह के प्रभावी सुचारू एवं परिणाम मूलक आयोजन एवं गतिविधियों के आयोजन में सम्मानीय जनप्रतिनिधियों, पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधियों, स्थानीय निकाय के प्रतिनिधि, सहयोगी विभागों, स्वयं सेवी संस्थाओं, सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्रों की सक्रिय भागीदारी, महिला स्व-सहायता समूहों, महिला मण्डली, नेहरू युवा केन्द्रों, नेशनल कैडिट कोर, राष्ट्रीय सेवा योजना आदि की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देष दिए है। बताया है कि पूर्व वर्षो में राज्य में आयोजित पोषण माह, पोषण पखवाड़ा में विभिन्न सहयोगी विभागों एवं डेव्हलेपमेंट संस्थाओं का सक्रिय एवं परिणाममूलक सहयोग प्राप्त होता रहा है। इस वर्ष भी विभिन्न सहयोगी विभागों के मैदानी अमले के मध्य प्रभावी समन्वय स्थापित करते हुए जिला, विकासखण्ड, ग्राम स्तर एवं प्रत्येक केन्द्र स्तर पर पोषण माह का आयोजन किया जाना है। पोषण माह 2024 का मुख्य उद्देश्य पोषण पंचायतों को सक्रिय करना है, इस हेतु ग्राम स्तर पर सरपंच एवं ग्राम पंचायतों को गतिविधियों का आधार बनाते हुए जनआंदोलन को जनभागीदारी के रूप में परिवर्तित करना है। पोषण माह 2024 अंतर्गत 01 सितम्बर से 30 सितम्बर 2024 तक प्रतिदिन आयोजित किए जाने वाले गतिविधि कैलेण्डर एवं सहयोगी विभागों की कार्य दायित्व की कार्ययोजना तैयार की गयी है। पोषण माह के दौरान की जाने वाली समस्त गतिविधियों को जन आंदोलन के डैशबोर्ड पोर्टल पर अनिवार्यत: प्रतिदिन प्रविष्ठी किया जायेगा।

# लालच बुरी बला : हर महीने 2000 मिलने के सपने ने करा दिया लंबा नुकसान

## पुलिस से हुई शिकायत

**कोरबा।** इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक में खाता खुलवाने 76 ग्रामीणों को चपत लगी है जो काफी लंबी है। पूरे मामले में लालच की बड़ी भूमिका रही। पीड़ितों का कहना है कि एजेंट ने उन्हें बताया था कि उनके खाते में हर महीने 2000 रुपए प्राप्त होंगे। बाद में उनके खाते से काफी राशि आहरित हो गई। वे इससे परेशान हैं। मामले की शिकायत पुलिस से की गई है। पुलिस का कहना है कि हो सकता है कि किसी ने इन खातों के आधार पर लोन ले लिया होगा जिसकी कीमत किसानों को चुकानी पड़ रही है।

पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड से यह मामला जुड़ा हुआ है जहां पर 76 लोगों को चपत लगी। बताया गया कि उन्होंने इंडिया पोस्ट पेमेंट में खाता खुलवाया था उन्हें बताया गया था कि प्रति माह दो हजार रुपए किसी कम्पनी के द्वारा जमा किया



जायेगा, और शासन के सभी राशि का लाभ भी इसी बैंक से मिलेंगे। ज़ब किसान व महिलाये अपने खाते से राशि आहरण करने आते हैं तो उन्हें उनके खाते से राशि माइनस होने कि जानकारी दी गई। जबकि किसानो को इस ट्रांजेक्शन से संबंधित जानकारी ही नहीं है। किसान गणेश यादव ने बताया कि नवंबर माह मे उसके खाते से लगभग 86 हजार रूपये के ट्रांजेक्शन हुए हैं इस ट्रांजेक्शन का उसे पता ही नहीं है। उनकी राशि लगातार माइनस हो रही है।

## गुरसिया में की गई जांच

प्रकरण की शिकायत बांगो थाना में की गई है। जिस पर पुलिस ने गुरसिया स्थित पोस्ट पेमेंट बैंक में जाकर पूछताछ की तो पता चला कि एजेंट के रूप मे दो व्यक्ति इस कार्य को किये थे। उन दोनों व्यक्तियों द्वारा यें पता चला कि कोई अन्य राज्य के व्यक्ति से इनका सम्पर्क हुआ था। उसके द्वारा बताया गया कि काफी संख्या मे ग्रामीणों का खाता खुलाओ जिसमे सभी ग्रामीणों के खाते मे राशि उक्त कम्पनी द्वारा भेजे जायेंगे।

## 90 लाख का झटका

किसानों का कहना है कि सभी किसानो के खाते से जितनी राशि माइनस हुई है सभी का आकलन किया जाए तो लगभग 90 लाख से अधिक कि राशि हो सकती है। वही जानकारों का यें मानना है कि किसी जानकार या उक्त किसी कम्पनी के द्वारा सभी किसानो के खाते से लोन लिए गए हो, जिसकी भरपाई के लिए किसानो के खातों से राशि काटी जा रही है। प्रकरण में एसपी और कलेक्टर के पास इसकी शिकायत पीड़ितों ने करने की बात कही है।

## दहशत फैलाने वाला जेल भेजा गया

**कोरबा।** साजापानी गांव में हथियार लेकर आतंक फ्लेट हुए लोगों को परेशान करने वाले एक व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार करने के साथ जेल भेज दिया है। बताया गया कि यहां पर दो पक्षों के बीच विवाद की स्थिति निर्मित हुई थी। मामला जमीन से जुड़ा हुआ था। विवाद बढ़ने पर एक व्यक्ति ने अपने घर से कट्टा निकाल लिया और उसे लहराने लगा। उसकी हरकतों से हालत बिगड़ गए। ग्रामीणों ने इस बारे में उरगा पुलिस को सूचना दी जिस पर टीम ने वहां पहुंचकर आरोपी को गिरफ्तार किया।

## महामंत्री ने बैठक ली

**कोरबा।** भामसं के प्रदेश महामंत्री दिनेश पाण्डेय ने बालको कर्मचारी संघ के कार्यकर्ताओं की बैठक ली। शरद नायर व माखन वर्मा ने अपने सुझाव भी सामने रखे। भामसं के जिला अध्यक्ष अजय मिश्रा के नेतृत्व में दिनेश पाण्डेय का स्वागत किया गया।

# स्कूटी में घुसे अजगर ने डराया और चपत भी लगाई

**कोरबा।** प्रदेश के दूसरे बड़े नागलोक कोरबा में सर्प और अजगरों के कारण लोग मुश्किल में हैं। उनकी पहुंच कहीं भी मनमाने तरीके से हो रही है। आए दिन ऐसे मामले सामने आ रहे हैं। इस चक्कर में लोग भयभीत तो हो ही रहे हैं साथ ही उन्हें आर्थिक चपत भी लग रही है। ओपन थिएटर मार्ग स्थित महाराष्ट्र मंडल के गजानन मंदिर के पास पिछली रात ऐसा ही हुआ। यहां पर एक व्यक्ति की स्कूटी खड़ी हुइ थी जिसमें 9 फीट लंबा अजगर घुस गया। यह सब कब हुआ इसका पता स्कूटी मालिक को नहीं चल सका। जब उसने गाड़ी स्टार्ट की तो अजगर के फुफकारने की आवाज आई जिससे चालक डर गया। आनन-फानन में ऑटोमोबाइल दुकान से संपर्क किया गया। कारीगर ने यहां-वहां के कलपुर्जे खोले। इस दौरान भीतर के हिस्से में अजगर की उपस्थिति का पता चला। रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए टीम को भी लगाया गया। बताया गया कि



ऐसा करने के दौरान भारी-भरकम अजगर अपनी हरकतों से और परेशानी पैदा कर रहा था। काफी मशक्कत के बाद उसे निकाला जाना संभव हो सका। बाद में अजगर को जंगली हिस्से में छोड़ दिया गया। सर्प मित्रों ने वाहन चालकों से कहा है कि वे किसी भी क्षेत्र में जाने के दौरान सतर्कता जरूर बरतें ताकि खतरे से बचा जा सके।

# दुर्घटना रोकने मुख्य मार्ग पर जरूरी काम कर रही पुलिस

**कोरबा।** निर्माणाधीन नेशनल हाईवे संख्या 49 बी कोरबा - चांपा पर हादसों को रोकने के लिए उरगा पुलिस द्वारा प्रयास किया जा रहा है। रेडियम लगाने के साथ ही लोगों को सचेत करने के लिए चेतावनी बोर्ड लगाए गए है। सड़क पर मौजूद गड्ढों को भरा जा रहा है। मार्ग पर पर्याप्त रौशनी की व्यवस्था की जा रही है ताकि लोगों को रात्रि कालीन आवागमन के दौरान असुविधा का सामना न करना पड़े ।

कोरबा चांपा मार्ग पर सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए उरगा पुलिस ने कोशिश की है। पुलिस द्वारा सड़क पर मौजूद बड़े-बड़े गड्ढों को भरने के लिए मिट्टी फीलिंग कराई जा रही है। सड़क किनारे मौजूद पेड़ों और खंबो पर रेडियम लगाया जा रहा है। लोगों को सचेत करने के लिए चेतावनी बोर्ड भी लगाया जा रहा है,ताकी हादसों की संख्या को कम किया जा सके। पुलिस ने बताया,कि सड़क पर रात के पर्याप्त रौशनी की व्यवस्था की जा रही है ताकी हादसों की हर शंका को दूर किया जा सके। पुलिस के प्रयास से आम जनता को राहत मिलने की उम्मीद है। निर्माणाधीन सड़क होने से बारिश के कारण बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं,जिससे हादसे हो रहे है।

## बीकेकेएमएस कल से करेगा इकाईयों में प्रदर्शन

**कोरबा।** भारतीय कोयला खदान मजदूर संगठन के द्वारा खदानों के निजी करण पेंशन स्कीम सहित कई स्थानीय मुद्दों को लेकर कल से ईकाईयों में प्रदर्शन करेगा। यह प्रदर्शन 10 सितंबर तक चलेगें। इसके बाद सीजीएम कार्यालय के सामने प्रदर्शन होगें। संगठन के द्वारा समय समय पर आंदोलन किए जाते रहे है। अधिकारियों में भी प्रदर्शन की तेयारी शुरू हो गई है। गेवरा प्रोजेक्ट में बाबू सिंह, कुलदीप कुमार, विरेन्द्र राठौर, जीएम शाखा में राहुल कुर्रे, शिव कुमार साहु, मानिकपुर में संजय सिंह, मिलीलाल, केन्द्रीय कर्मशाला में राजेन्द्र यादव, दादू लाल राठौर , बाबूलाल चन्द्रा, सेंट्रल स्टोर में रंजय सिंह के नेतृत्व में प्रदर्शन होगा। इसके लिए गेवरा में मदन सिंह, प्रीतम राठौर कुसमुडा में अमिया मिश्रा जसवंत सिंह राहुल वर्मा के नेतृत्व में बैठक ली जाएगी।

# प्रतिबद्धता के साथ मिलेगी स्वास्थ्य सेवाएं आरोग्यधाम पॉली क्लीनिक में

## एक्सपर्ट मेडिकल टीम की होगी उपलब्धता

**कोरबा।** स्वास्थ्य के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होने के संकल्प के साथ कोरबा में आरोग्य धाम पॉली क्लीनिक शुरू हो गया है। पिछली शाम इसका शुभारंभ हुआ। होटल आशीर्वाद इन नया बस स्टैंड के सामने लोगों को पॉली क्लीनिक से सेवाएं मिलना शुरू हो गई है। यहां पर एक्सपर्ट मेडिकल टीम की उपलब्धता रहेगी।

शुभारंभ समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. वी.के.मोडा थे जबकि नेत्र विशेषज्ञ डॉ.जे.के.दानी ने अध्यक्षता की। आईएमए कोरबा इकाई के अध्यक्ष डॉ. एस.सी.खरे कार्यक्रम के अध्यक्ष रहे। सीएमएचओ डॉ. एस.एन.केसरी भी यहां मौजूद रहे। भज्जानका सेवा समिति इस आरोग्य धाम पॉली क्लीनिक का संचालन कर रही है जो सुलभ उपचार और नि:स्वार्थ सेवा को ध्येय बनाए हुए है। उसने विश्वसनीय हेल्थ केयर सर्विसेस की उपलब्धता वृहद समाज को देना सुनिश्चित किया है। कार्यक्रम में अतिथियों ने अपनी बात रखी और बताया कि आज के दौर में समाज हित में स्वास्थ्य को लेकर जरूरतें बढ़ रहीं हैं। हर प्रकार की चीजों को ध्यान में रखने के साथ सेवा समिति ने इस बारे में विचार किया और उसे कार्यरूप में परिणित



करने शुरू किया। अच्छी सोच के साथ इस प्रकल्प को हाथ में लिया गया है। सामाजिक सरोकार दिखाने वाली टीम उनके साथ है। बताया गया कि एक्सपर्ट मेडिकल टीम ओपीडी को संचालित करेगी, जहां पर श्रेष्ठतम जेनरिक मेडिसिन और पैथोलॉजी जांच की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। स्वास्थ्य की रक्षा और परिणामकारी सेवा के साथ मरीजों को निरोगी जीवन देने का संकल्प केंद्र के संचालन में सबसे विशेष बिंदु होगा। पूर्व सीएमएचओ डॉ. बी.बी.बोर्डे के मार्गदर्शन में आरोग्य धाम संचालित होगा। डॉ. अनिल अरोरा यहां पर पैथालॉजिस्ट की भूमिका में होंगे जबकि प्रशासनिक कार्यक्षेत्र के लिए इंजीनियर प्रवीण जाखड़ी को दायित्व दिया गया है। शुभारंभ अवसर पर समाज के भिन्न-भिन्न क्षेत्रों से जुड़े गणमान्य लोग उपस्थित रहे जिन्होंने इस प्रकल्प को कोरबा की सबसे बड़ी आवश्यकता बताया और इसके पीछे की सोच की सराहना की। टीम ने आश्वस्त किया कि अच्छी सेवाओं से कम्युनिटी को लाभान्वित करने में हम सफल रहेंगे।

## समिति में ये हैं शामिल

आरोग्य धाम पॉली क्लीनिक का संचालन करने वाली भज्जानका सेवा समिति में आरकेटीसी ग्रुप के साथ सत्यनारायण अग्रवाल, राजेंद्र कुमार अग्रवाल, सुभाष सिंघल, श्यामलाल अग्रवाल, विनोद सिंघल, अमर अग्रवाल, सुशील सिंघल, राहुल सिंघल, योगेश सिंघल और सचिन अग्रवाल मुख्य रूप से शामिल हैं।

# हिडेन कैमरे से पति ने पकड़ा कारनामा अवांछित व्यक्ति की जमकर पिटाई

**कोरबा।** कुछ दिनों से मिल रही सूचनाओं से परेशान पति ने मामले के समाधान के लिए सही तरकीब निकाली। उसने घर पर बताया कि वह बाहर जा रहा है और तीन घंटे बाद लौटेगा। इससे पहले ही वह डिजिटल माध्यम से मिली सूचना के आधार पर घर पहुंच गया और कारनामे को पकड़ लिया। इस दौरान अवांछित व्यक्ति के पत्नी की जमकर पिटाई की गई।

कोरबा जिले के दीपका क्षेत्रांतर्गत मलगांव में यह मामला सामने आया। गुरुवार की मध्य रात्रि को यह सब हुआ। यहां पर रहने वाला एक व्यक्ति इस बात से परेशान था कि उसके पास अलग-अलग माध्यम से सूचनाएं पहुंच रही थी कि उसके यहां अवांछित व्यक्ति की पहुंच हो रही है। चर्चाएं आसपास में होने से दिक्कतें बढ़ना स्वाभाविक थी। पीड़ित ने घर पर पता किया तो इस तरह की सूचनाओं से अनभिज्ञता जताने की कोशिश की गई। संबंधित ने मामले का सच जानने और सबक सिखाने के लिए घर में दो-तीन प्वाइंट पर हिडन कैमरे लगा दिए और उसे अपने मोबाइल से इंटर कनेक्ट कर लिया। मीडिया रिपोर्टस में बताया गया कि गुरुवार की रात पीड़ित ने अपनी पत्नी को बताया कि वह पास के गांव जा रहा है और लगभग तीन घंटे बाद लौटेगा। इसे सच मान लिया गया और चहेते पात्र को घर आने का न्यौता दिया गया। कुछ देर में उसकी पहुंच हुई तो पीड़ित को मोबाइल पर इसकी जानकारी हुई। वह जल्द ही आ पहुंचा और फिर अवांछित व्यक्ति के साथ पत्नी की भी पिटाई की गई। अपात्र व्यक्ति को तरीके से सबक सिखाया गया। स्थानीय ग्रामीणों को इसकी जानकारी दी गई। बताया गया कि पुलिस को भी इस बारे में अवगत कराया गया है। अगली सूचनाएं प्रतीक्षित हैं।

## कोयला का स्टॉक बढ़ाने पर जोर

**कोरबा।** जिले के बिजली घरों में कोयला का स्टॉक बढ़ाया जा रहा है। बारिश के मौसम में कई प्रकार की समस्याएं आपूर्ति को लेकर हुई थी। इसके नतीजन उत्पादन पर असर पड़ा।

# जीपीएम जिले में चार घरों को ढहाकर फिर पसान लौटा दंतैल

**कोरबा।** जिले के कटघोरा वनमंडल अंतर्गत पसान रेंज में मौजूद उत्पाती हाथी को वन विभाग की टीम ने बीती रात खदेड़कर पड़ोसी जीपीएम जिले के मरवाही जंगल भेज दिया था, लेकिन वह आज तड़के फिर वापस आ गया। बताया जाता है कि उत्पाती दंतैल ने वहां पहुंचते ही उत्पात मचाना शुरू कर दिया। इस दौरान उसने गुल्लीडांड व रूमगा नामक गांव की बस्ती में घुसकर वहां चार ग्रामीणों के घरों को तोड़ दिया और फिर वापस पसान रेंज का रूख करते हुए लौट गया। दंतैल हाथी को आज सुबह तराईनार के कोसाबाड़ी में विचरण करते हुए देखा गया और इसकी सूचना वन विभाग को दी गई, जिस पर वन विभाग का अमला मौके पर पहुंचकर दंतैल की निगरानी में जुट गया है। वन विभाग द्वारा तराईनार व आसपास के गांवों में




मुनादी कराकर ग्रामीणों को सतर्क करने का काम भी शुरू कर दिया गया है। इससे पहले इस दंतैल हाथी ने क्षेत्र में लगातार उत्पात मचाकर वन विभाग व ग्रामीणों के नाक में दम कर रखा था। दंतैल ने विभिन्न गांवों में पहुंचकर घरों को तोड़ने के साथ ही फसलों को भी भारी नुकसान पहुंचाया था। दंतैल के फिर लौटने से ग्रामीणों में जहां दहशत व्याप्त हो गया है वहीं वन विभाग की चिंता भी बढ़ गई है।

# डेढ़ करोड़ के आश्रम भवन में गुणवत्ता की अनदेखी, रूकवाया काम

**कोरबा।** जिले के दुरस्थ वनांचल एवं पोड़ी उपरोड़ा ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत कोरबी में पिछले 2022, एवं 23 से कार्य प्रारंभ हुई है जहां करोड़ो रुपए की लागत से चल रहे आत्मानंद स्कूल, एवं 50 सीटो वाली आदिवासी कन्या आश्रम ,का निर्माण कार्य हो रहा है,जिसकी लागत ढेड़ करोड़ से अधिक है लेकिन ठेकेदार ने अपने मनमाने ढंग से निर्माण धीन भवन की गुणवत्ता को दरकिनार कर उक्त भवन भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई,

दिनांक 28 अगस्त बुधवार को जब इस संबंध में सरपंच श्रीमती शेषमणि मरावी, एवं उप सरपंच श्रीमती ईदु देवी जयसवाल, तथा ग्राम वासियों को जानकारी मिली तो तत्काल निर्माण कार्य स्थल कन्या आश्रम में पाया गया की बिना कोई जिम्मेदार सिविल इंजीनियर की अनुपस्थिति में भवन



की ढलाई की जा रही थी, जिसमें ग्राम वासियों की एक टीम ने भवन की मौका निरीक्षण में यह पाया गया कि सेंट्रिग ,के कार्य में राड,15 सेंटीमीटर के स्थान पर मात्र 6 ईंच,राड लगा कर भवन की खानापूर्ति की जा रही थी, इतना ही नहीं काफी मात्रा में उक्त निर्माण धीन भवन में कई खामियां पाई गई, यह भी देखा गया कि भवन निर्माण स्थल पर ना ही किसी प्रकार की विभागीय सूचना पटल साईन बोर्ड ठेकेदार ने नहीं लगाया है, तत्पश्चात स्थानीय ग्रामीण एवं सरपंच पति राजूराम मरावी,व उप सरपंच पति मुरारी लाल जायसवाल, सहित सुर्य जीत,दिलीप राज, संजय कुमार, राजेन्द्र कुमार रजक, लकमी सिंह मरावी, शिबू राजवाड़े, दिनेश केराम,गो. ग. पा. से ब्लाक यूवा मोर्चा अध्यक्ष विद्वान सिंह, ग्राम पंचायत जजगी, सरपंच प्रतिनिधि सुरेंद्र कुमार, एवं लगभग दो दर्जन स्थानीय ग्रामीणों ने घटिया निर्माण कार्य को देखकर अचंभित रह गए और तत्काल निर्माण कार्य को बंद कराया गया, और संबंधित विभाग के उच्च अधिकारियों को इस संबंध में अवगत कराई गई, और देखते ही देखते ठेकेदार ने रात में ही निर्माण धीन भवन की लीपापोती कर अपने बचाव के लिए सेंट्रिग, के कार्य में जहां 9 ईंच, की राड दी गई थी वहां पर 6 ईंच का राड लगा दिया गया, इसके पश्चात दिनांक 29 अगस्त गुरुवार को विभाग के सिविल इंजीनियर ऋषिकेश बोनी, ने सरपंच, एवं उप सरपंच व ग्राम वासियों की उपस्थिति में भवन की बारिकी से छान बीन की तो शिकायत सही पाई गई, और कई खामियां उजागर हुई, तथा उक्त भवन का मूल्यांकन करने पर यह पाया गया कि मटेरियल में भी कमी एवं स्ट्रिंग, के कार्य में गुणवत्ता विहीन पाई गई,जिसके पश्चात ग्राम पंचायत के प्रतिनिधि एवं ग्राम वासियों ने लिखित रूप से यह निर्णय लिया कि भवन की गुणवत्ता संदेह जनक है और बच्चों की भविष्य के साथ खिलवाड़ है ग्राम वासी असंतुष्ट हैं ,छत को तोड़वा कर मामले निष्पक्ष जांच कर पुनः ढलाई किया जाए, जांच उपरांत , निर्माण कार्य को रोके जाने का निर्णय लिया गया।

# मच्छर जनित बीमारियों से बचने के लिए बालको ने चलाया जागरूकता अभियान

**कोरबा।** बरसात के बाद कई संक्रामक बीमारियों का प्रकोप बढ़ जाता है। बारिश के बाद घर के आसपास पानी के इकट्ठा होने से मच्छर पैदा हो जाते हैं इससे डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। बालको अस्पताल के डॉक्टर के अनुसार बरसात के बाद संक्रामक मच्छर के काटने से डेंगू बीमारी की घटनाओं का खतरा सबसे ज्यादा देखने को मिलता है। डॉक्टर ने बताया इसे लेकर लापरवाही करना जानलेवा हो सकता है।

बालको अपने समुदायिक विकास कार्यक्रमों की मदद से समुदाय के स्वास्थ्य सेवाओं की जरूरत को पूरा करने के लिए कटिबद्ध है। कंपनी की मोबाइल हेल्थ वैन ने मलेरिया, डायरिया और कृमि से बचाव पर 12 जागरूकता सत्र आयोजित किये गए। इस जागरूकता अभियान में लगभग 5500 लोग शामिल हुए। सत्र का आयोजन 12 स्कूल और 18 समुदाय में आयोजित किए गए जिनमें क्रमशः 1485 विद्यालयीन



छात्र और 4000 समुदाय के सदस्य शामिल थे। इसके साथ ही 33 नंद घर में आंगनवाड़ी और समुदाय के लगभग 600 सदस्यों को मलेरिया और डायरिया की रोकथाम के बारे में शिक्षित किया गया। कंपनी की मोबाइल हेल्थ वैन टीम ने मरीजों के घर जाकर व्यक्तिगत स्वास्थ्य सेवा सहायता और आगे के चिकित्सा उपचार के लिए बालको अस्पताल की सुविधा से अवगत कराया।

बालको अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विवेक सिन्हा ने कहा कि डेंगू वेक्टर जनित रोग है जो मच्छरों के काटने से इंसानों में फैलता है। डेंगू का शिकार होने पर व्यक्ति को तेज बुखार, सिरदर्द, शरीर में दर्द, मसल्स और जॉइंट्स में दर्द, आंखों के पीछे दर्द, उल्टी और स्किन पर रैशेज जैसे लक्षण नजर आने लगते हैं। सही समय पर इलाज ना मिलने से डेंगू घातक साबित हो सकता है। डेंगू होने पर लोगों का प्लेटलेट काउंट तेजी से कम हो जाता है तथा कई गंभीर मामलों में ब्लीडिंग भी हो सकती है। इसमें से किसी भी लक्षण पर डॉक्टर से परामर्श जरूर लें। डॉ. सिन्हा ने कहा कि 100 आधुनिक बेड से युक्त बालको अस्पताल कंपनी के कर्मचारियों एवं उनके परिवारजन और विभिन्न जिलों को स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए कटिबद्ध है। हमारी विशेषज्ञ की टीम है जिसमें सामान्य चिकित्सक, फिजियोथेरेपिस्ट, दंत चिकित्सक, नेत्र रोग विशेषज्ञ, ईएनटी विशेषज्ञ, बाल रोग विशेषज्ञ, रेडियोलॉजिस्ट, एनेस्थेसियो लॉजिस्ट, स्त्री रोग विशेषज्ञ और आर्थोपेडिक सर्जन के साथ 09 विजिटिंग कंसल्टेंट शामिल हैं। इसके साथ ही अस्पताल को 14 रेजिडेंट मेडिकल ऑफिसर, 60 नर्स और 113 स्टाफ सदस्यों का समर्थन प्राप्त है। नियमित जांच शिविर, जागरूकता शिविर आयोजित करने के साथ ही आयुष्मान भारत और सरकार द्वारा निर्धारित समस्त टीकाकरण कार्यक्रमों का अनुसरण बालको अस्पताल में किया जाता है।

## सतर्कता विभाग की बनी है नजर

**कोरबा।** एसईसीएल में काम चलाऊ कामकाज को लेकर सतर्कता विभाग के अधिकारियों की नजर बनी हुई है। इनमें सिविल संबंधी कामकाज की संख्या ज्यादा बताई जा रही है। सतर्कता विभाग के पास लगातार इसकी सूचनाएं पहुंच रही है।

नमः शिवाय
बेचना है
इंदिरा स्टेडियम रोड कोरबा में 1 एकड़ + व्यवसायिक प्लाट, दुकान और भी बहुत कुछ उपलब्ध है।
संपर्क करें
62681-46606









स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com